# दैनिक विश्वमित्र

• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक •

Get the e-paper from any corner of the world by contacting 9062771550

वर्ष 111 ■ संख्या 188 www.dainikvishwamitra.com कोलकाता शुक्रवार ■ 10 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ कृष्ण 11, सम्वत् 2083 मूल्य : 5 रुपए, कुल पृष्ठ 10 1



For Booking of Advertisements
9062771550
Display
Obituary
Notice
Classified
SUBSCRIBE
For yearly subscription of our Daily Newspaper
78906 49950


# बंगाल में लौट रही उद्योगों की बहार

## अमित शाह 18 को रखेंगे अमूल फैक्ट्री की आधारशिला

### ▲ डानकुनी में लक्स कोजी की फैक्ट्री का शिलान्यास 11 को

### ▲ बांकुड़ा में श्याम स्टील कारखाने की आधारशिला 27 को

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही बने अनुकूल माहौल के मद्देनजर उद्योग क्षेत्र में बहार लौटने लगी है। एक के बाद एक पश्चिम बंगाल सहित देश के नामचीन उद्योगपति राज्य सरकार से संपर्क कर ताजा पूंजीनिवेश की इच्छा जता रहे हैं। सरकार भी उन्हें उद्योगों की स्थापना में हरसंभव मदद करने का पूरा भरोसा दिला रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हावड़ा के सांकराइल फूड पार्क में अमूल की फैक्ट्री का शिलान्यास 18 जुलाई को करेंगे। अमूल के दावों के अनुसार, यह विश्व की सबसे बड़ी दही निर्माण सुविधा बनने जा रही है। यहां प्रतिदिन लगभग 10 लाख किलोग्राम दही और अन्य किण्वित दुग्ध उत्पादों का उत्पादन होगा। दूध और दही के अलावा, यहां मीठा दही, लस्सी, पनीर, मक्खन, घी और आइसक्रीम का भी उत्पादन किया जाएगा। इससे ठीक पहले अगले शनिवार को हुगली जिले के डानंकुनी में लक्स कोज़ी 600 करोड़ रुपये के निवेश से अपनी नई अत्याधुनिक फैक्ट्री का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी 11 जुलाई को इस बड़ी विनिर्माण इकाई की आधारशिला रखेंगे। वहीं प्रसिद्ध स्टील कंपनी श्याम स्टील की फैक्ट्री का शिलान्यास 27 जुलाई को बांकुड़ा के मेजिया में होगा। यहां लगभग 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से एक विशाल स्टील फैक्ट्री का निर्माण किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री से मिले संजीव गोयनका**

## बंगाल के विकास के साझा विजन पर चर्चा

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** यह चर्चा बंगाल की विकास यात्रा और राज्य के औद्योगिक इकोसिस्टम को मजबूत करने, निवेश आकर्षित करने, रोजगार पैदा करने और इसकी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के अवसरों पर केंद्रित थी। बंगाल में भारत के प्रमुख विकास इंजनों में से एक के रूप में फिर से उभरने के लिए प्रतिभा, इतिहास, बुनियादी ढांचा और उद्यमशीलता की भावना मौजूद है। हालांकि, उस क्षमता को साकार करने के लिए निवेशकों के भरोसे और सरकार तथा उद्योग के बीच एक रचनात्मक साझेदारी की आवश्यकता होगी।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और उद्योगपति डॉ. संजीव गोयनका ने विकसित बंगाल के लिए एक साझा विजन पर आज राज्य सचिवालय नबान्न में महत्वपूर्ण चर्चा की। गोयनका परिवार 220 से अधिक वर्षों से बंगाल से गहराई से जुड़ा हुआ है; उन्होंने राज्य को छोड़ने के बजाय बदलते आर्थिक दौर में भी यहां निवेश करने, निर्माण करने और अवसर पैदा करने का विकल्प चुना है। आज, संजीव गोयनका पूर्वी भारत के सबसे प्रमुख बिजनेस लीडर्स में से एक हैं।



*नबान्न सभागार में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात करते हुए आर पी संजीव गोयनका ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका।* विश्वमित्र

मुख्यमंत्री से हुई चर्चा के बारे में श्री गोयनका ने कहा कि पश्चिम बंगाल के माननीय मुख्यमंत्री से मिलना और राज्य के विकास के लिए उनकी दूरदर्शी योजनाओं के बारे में सुनना सुखद रहा। विकसित बंगाल के लिए उनका विजन प्रेरणादायक और भविष्योन्मुखी है। उनकी ऊर्जा, उत्साह और छोटी-छोटी बातों पर भी बारीकी से ध्यान देने की क्षमता भी उतनी ही उल्लेखनीय है। हमने पश्चिम बंगाल की विकास यात्रा और राज्य के औद्योगिक इकोसिस्टम को और मजबूत करने, अधिक निवेश आकर्षित करने, रोजगार पैदा करने और इसकी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के अवसरों पर सार्थक चर्चा की। मैं प्रगति की इस साझा यात्रा में योगदान करने के लिए उत्सुक हूं।

गोयनका समूह राज्य में और अधिक निवेश करना चाहता है। संजीव गोयनका ने चर्चा के दौरान शुभेंदु अधिकारी को अपनी यह इच्छा बताई। श्री गोयनका ने कहा, बंगाल में निवेश की अच्छी संभावनाएं हैं। इसलिए, विद्युत क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी अधिक निवेश करने की योजना है। पता चला है कि इस संबंध में राज्य सरकार से सहायता मांगने के लिए आज की बैठक आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि दो दिन पहले दो अन्य बड़े उद्योगपति करण अडाणी एवं अशोक तोदी मुख्यमंत्री से मिलने नबान्न आए थे।

# नए अध्याय का शुभारंभ

## शिखर सम्मेलन में समझौते पर मुहर

### एआई, गगनयान, यूरेनियम क्षेत्र में हुआ समझौता



**मेलबर्न, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में आयोजित द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में ऐतिहासिक समझौते किए हैं। यूरेनियम आपूर्ति की हरी झंडी, गगनयान मिशन के लिए कोकोस द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल का निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और साइबर सुरक्षा के लिए साझेदारी, तथा खेल व शैक्षणिक आदान-प्रदान के माध्यम से संबंधों का नया अध्याय लिखा गया है। सूत्रों के मुताबिक, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), महत्वपूर्ण तकनीकों और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के लिए नई साझेदारी की घोषणा की है। दोनों नेताओं का मानना है कि बदलते वैश्विक माहौल में इन क्षेत्रों में सहयोग बेहद जरूरी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर संयुक्त बयान जारी करते हुए ऊर्जा (एनर्जी) सप्लाई चेन को सुरक्षित, स्थिर और भरोसेमंद बनाए रखने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने कहा कि पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और उसकी वजह से पड़ रहे असर को लेकर वे चिंतित हैं। संयुक्त बयान में बताया गया कि ऑस्ट्रेलिया से भारत को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम देने संबंधी सभी प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। भारत को यह आयात 2015 के भारत-ऑस्ट्रेलिया परमाणु सहयोग समझौते और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी व्यवस्था के तहत होगा।

संयुक्त बयान में कहा गया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदार हैं और स्वतंत्र, खुला और समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र दोनों की साझी प्राथमिकता है। ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों देशों ने निजी क्षेत्र की साझेदारी और रणनीतिक निवेश को अहम बताया। साथ ही भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते, व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते पर जारी बातचीत और अन्य द्विपक्षीय व्यवस्थाओं के जरिए ऊर्जा व्यापार और निवेश बढ़ाने पर सहमति जताई।

**ऊर्जा उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति**

संयुक्त बयान में कहा गया कि ऑस्ट्रेलिया भारत को एलएनजी का महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता है, जबकि भारत ऑस्ट्रेलिया को लिक्विड फ्यूल और दूसरे डाउनस्ट्रीम उत्पादों की अहम आपूर्ति करता है। दोनों देशों ने ऊर्जा उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने और द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को और बढ़ाने का संकल्प लिया। संयुक्त बयान में दोनों देशों ने ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को अधिक लचीला बनाने, क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने, ऊर्जा परिवर्तन को गति देने, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और ऊर्जा एवं लिक्विड फ्यूल के खुले व्यापार को समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई।

### आज से 3 दिन बंद रहेगा चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** मेट्रो कार्य के लिए चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर पर फिर से यातायात नियंत्रण लागू। न्यू गरिया-एयरपोर्ट मेट्रो कॉरिडोर के कार्य के लिए चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर पर यातायात नियंत्रित रहेगा। फ्लाईओवर कल यानी 10 जुलाई से 13 जुलाई तक एक निश्चित अवधि के लिए बंद रहेगा।

**भीतर के पन्नों पर खास**


- देश को सौर वर्ल्ड लीडर बनाने पर जोर पृष्ठ 4
- अगस्त से शुरू होगी जनगणना पृष्ठ 5
- ऐसे राक्षसों को मौत मिले : मीरा चोपड़ा पृष्ठ 10



**शोक समाचार पृष्ठ 3 पर**


**अजब गजब**

### महत्वपूर्ण बातें

बड़ों को प्रणाम करते समय उनके दाहिने पैर पर दाहिने हाथ से और उनके बांये पैर को बांये हाथ से छूकर प्रणाम करें। * जप करते समय जीभ या होंठ को नहीं हिलाना चाहिए। इसे उपांशु जप कहते हैं। इसका फल सौगुणा फलदायक होता हैं। * जप करते समय दाहिने हाथ को कपड़े या गौमुखी से ढककर रखना चाहिए। * जप के बाद आसन के नीचे की भूमि को स्पर्श कर नेत्रों से लगाना चाहिए। * संक्रान्ति, द्वादशी, अमावस्या, पूर्णिमा, रविवार और सन्ध्या के समय तुलसी तोड़ना निषिद्ध हैं। *दीपक से दीपक को नही जलाना चाहिए। * यज्ञ, श्राद्ध आदि में काले तिल का प्रयोग करना चाहिए, सफेद तिल का नहीं। * शनिवार को पीपल पर जल चढ़ाना चाहिए। पीपल की सात परिक्रमा करनी चाहिए। परिक्रमा करना श्रेष्ठ है, किन्तु रविवार को परिक्रमा नहीं करनी चाहिए। * कूमड़ा-मतीरा-नारियल आदि को स्त्रियां नहीं तोड़े या चाकू आदि से नहीं काटें।

# सुष्मिता, सुखेंदु, बराइक भाजपा में शामिल

### बन सकते हैं राज्यसभा के पार्टी प्रत्याशी



**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** बंगाल में तीन सीटों पर राज्यसभा उपचुनाव होने वाले हैं। यह चुनाव उस सीट पर होगा जो तृणमूल कांग्रेस के तीन सांसदों के इस्तीफे की वजह से खाली हुई थी। इससे पहले तृणमूल के पूर्व सांसद सुखेंदु शेखर रॉय, प्रकाश चिक बराइक और सुष्मिता देब आज बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की उपस्थिति में बीजेपी में शामिल हो गये। दूसरी तरफ, हाल ही में तृणमूल से में शामिल हुए सांसद यूसुफ पठान और शताब्दी रॉय मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मिलने नबान्न पहुंचे।

शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि इन सांसदों ने पहले ही टीएमसी से इस्तीफा दे दिया था। अब वे औपचारिक रूप से बीजेपी में शामिल हो गये हैं। भय आउट, भरोसा इन के नारे के साथ भाजपा ने चुनाव लड़ा था और जनता ने समर्थन दिया था।

शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि इन राज्यसभा सांसदों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है और इसे भी जानते हैं। प्रधानमंत्री ने देश की जनता के सामने कहा है कि पश्चिम बंगाल को एक साथ चलना होगा। शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि इन सांसदों ने संकल्प लिया है कि बंगाल का विकास करना है और इस उद्देश्य से इन सांसदों ने भाजपा के साथ चलना स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का एक ही लाइन है और बीजेपी के कार्यकर्ता एकजुट हैं और एक नीति का पालन करते हैं। बता दें कि विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद इन तीन सांसदों ने टीएमसी से इस्तीफा दे दिया था। टीएमसी से इस्तीफा देने के बाद सुष्मिता देब ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद अब इन तीनों सांसद बीजेपी में शामिल हो गये हैं। इस अवसर पर सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि पिछली सरकारों ने बंगाल को रेगिस्तान बना दिया था। जो बंगाल देश को नेतृत्व देता था, हर जगह-जगह घोटाला ही घोटाला था। इस रेगिस्तान में आज बंगाल की जनता ने निर्णय लिया है कि भाजपा को मौका दिया है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के लोग राजनीति से नहीं जुड़े थे। लोकसभा चुनाव के चार महीने के बाद आरजी कर कांड के खिलाफ राज्य की जनता सड़क पर आ गई थी। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य केंद्र के पास जाते हैं, लेकिन बंगाल में पिछली सरकारों का उद्देश्य केवल केंद्र सरकार का विरोध था। बंगाल को लोग छोड़कर जा रहे थे। युवा बाहर जा रहे थे और बंगाल वृद्धाश्रम बन गया था।

सुष्मिता देब ने कहा कि असम में जिस तरह की मूलभूत व्यवस्था विकसित हुई है। वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि जब टीएमसी में शामिल हुई थी, उस समय राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की आकांक्षा थी, लेकिन जैसा पीएम मोदी का करिश्मा है, वैसा किसी भी नेता का नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत दुख हुआ है दीदी को सूती साड़ी और हवाई चप्पल में देखा था, लेकिन जिस तरह का भ्रष्टाचार देखा है। वह अकल्पनीय है। ग्रासरूट पर इतना भ्रष्टाचार है, वह अकल्पनीय है।

## बारुईपुर एनकाउंटर

# जांच अब सीआईडी के हाथ

> प्रभास के शव का होगा डिजिटल एक्सरे, विशेष बोर्ड

**बारुईपुर, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** बारुईपुर दुष्कर्म मामले के आरोपी प्रभास मंडल की पुलिस गोलीबारी में मौत की जांच सीएम शुभेंदु अधिकारी के निर्देश पर सीआईडी को दी गई है। जबकि इस घटना की न्यायिक जांच पहले ही शुरू हो चुकी है। खबरों की माने तो मालूम हो कि आरोपी प्रभास के शरीर में दो गोलियां लगी। एक छाती के दाहिनी ओर है और दूसरा कमर के ऊपर है। प्रभास मंडल की मौके पर ही मौत हो गयी। काटापुकुर मुर्दाघर में रात में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गयी। इस पूरे घटनाक्रम के बीच, बारुईपुर कांड के मुख्य आरोपी प्रभास मंडल, जो पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था, के पोस्टमार्टम को लेकर स्वास्थ्य



विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नियमों और गाइडलाइंस का पालन करते हुए तीन सदस्यीय विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में राज्य के तीन अलग-अलग सरकारी मेडिकल कॉलेजों के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों को शामिल किया गया है।

वहीं पुलिस पर हमला करने, आगजनी और भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या (मॉब लिंचिंग) करने के आरोप में अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं निर्दोष युवक की पीटकर हत्या, आगजनी और तोड़फोड़ की घटना में 200 लोगों को चिन्हित किया गया है, जिनकी तलाश जारी है।

> निर्दोष युवक की हत्या, दंगा मामले में 30 गिरफ्तार

बुधवार को भी इस मामले में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ के बाद कई और नाम सामने आए हैं, जिसके बाद पुलिसिया कार्रवाई और तेज कर दी गई है।

घटना के बाद स्थिति का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सीधे तौर पर कहा था कि बारुईपुर में सक्रिय कट्टरपंथी और देश विरोधी ताकतों ने इस अशांति को हवा दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग चुनाव हार चुके हैं, उन्होंने ही साजिश के तहत लोगों को उकसाया और हिंसा भड़काई। मुख्यमंत्री ने खुलासा किया था कि वीडियो फुटेज और खुफिया इनपुट्स के आधार पर करीब 200 दंगाइयों को चिन्हित किया जा चुका है।

# ईरान पर तीसरी बार अमेरिका के ताबड़तोड़ हमले

## बंदर अब्बास तबाह, जॉर्डन, कुवैत और बहरीन में भी धमाके

**तेहरान, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** अमेरिका ने गुरुवार शाम को एक बार फिर ईरान पर हवाई हमले किए हैं। इस बार ईरान की पोर्ट सिटी बंदर अब्बास को निशाना बनाया गया है। बंदर अब्बास से कई धमाकों की खबरें हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिकी हमलों में ईरानी सेना और आईआरजीसी से जुड़े मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्टर को निशाना बनाया गया है। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका के सहयोगी अरब देशों जॉर्डन, बहरीन और कुवैत पर हवाई हमले किए हैं।

ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, होर्मुज स्ट्रेट पर बसे ईरानी पोर्ट सिटी बंदर अब्बास में और धमाके सुने गए हैं। एजेंसी ने इन हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी है। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि धमाकों वाली जगहों के काले धुएं के गुबार उठते नजर आए हैं। बंदर अब्बास ईरान के होर्मोज्गान प्रांत की राजधानी है और फारस की खाड़ी के नजदीक स्थित है। यह ईरान का आर्थिक, सैनिक और व्यापारिक दृश्टि से महत्वपूर्ण एक बंदरगाह शहर है।

### ईरान ने किए जवाबी हमले

ईरान ने पड़ोसी खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य संपत्तियों और बुनियादी ढांचे पर जवाबी हमला किया है। आईआरजीसी ने बहरीन, कुवैत और कतर पर हमले करके जवाबी कार्रवाई की, जहां अमेरिकी सैन्य संपत्तियां स्थित हैं। जॉर्डन में ईरान ने 10 बैलेस्टिक मिसाइलों से एक साथ हमला कर अमेरिकी सैन्य अड्डा तबाह कर दिया है। कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकाने आरिफजान और अली अल सलेम और बहरीन में जुफैर और शेख ईसा को निशाना बनाया गया है। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि एक व्यक्ति घायल हुआ है। यह चोट मलबा गिरने से लगी और घायल को अस्पताल ले जाया गया। गुरुवार को जॉर्डन की सेना ने कहा कि देश भर में सायरन बजने के बाद उन्होंने अपने हवाई क्षेत्र में ईरान की आठ मिसाइलों को रोका।



*ईरान में अमेरिका की बमबारी से तबाही का मंजर।*

दैनिक विश्वमित्र

## ।। नीति वचन ।।

**कामयाब लोग अपने फैसले से दुनिया बदल देते है और नाकामयाब लोग दुनिया के डर से अपने फैसले बदल देते है।**

परहित बस जिनके मनमाहीं, तिन कहं जग दुर्लभ कछु नाहीं ।।

## सम्पादकीय

### नवीनतम रिपोर्ट

विश्व स्वास्थ्य संगठन की नवीनतम रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि कैंसर केवल एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि गहरी सामाजिक और आर्थिक असमानताओं का भी दर्पण है। कैंसर की मार सबसे अधिक निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर पड़ती है। उच्च आय वाले देशों में जहां स्तन कैंसर से पीड़ित 87 प्रतिशत महिलाएँ पाँच वर्ष तक जीवित रहती हैं, वहीं निम्न आय वाले देशों में यह आँकड़ा मात्र 42 प्रतिशत है। यह अंतर स्वास्थ्य सेवाओं का असमान पहुँच का परिणाम है। रिपोर्ट यह भी रेखांकित करती है कि कैंसर केवल रोगी को नहीं, पूरे परिवार को प्रभावित करता है। उपचार का बढ़ता खर्च, आय का संकट, मानसिक तनाव तथा देखभाल करने वालों पर पड़ने वाला सामाजिक और आर्थिक बोझ स्वास्थ्य व्यवस्था की व्यापक विफलताओं को उजागर करता है। स्पष्ट है कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, समय पर जाँच, सुलभ उपचार और मनोसामाजिक सहायता को सार्वजनिक नीति का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। कैंसर के विरुद्ध संघर्ष केवल चिकित्सा का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा की रक्षा का भी प्रश्न है। जब तक स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त असमानताओं को दूर नहीं किया जाएगा, तब तक कैंसर के बढ़ते वैश्विक बोझ को प्रभावी ढंग से कम करना संभव नहीं होगा

## आज का सुविचार

**यदि व्यक्ति नेत्रहीन है, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि वह अन्धकार में है।**

ब्रह्मकुमारीज-फ्री राजयोग सेंटर

## आज का पंचांग

**शुक्रवार, 10 जुलाई 2026, आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी, विक्रम संवत् 2083, राष्ट्रीय शक संवत्– 1948, ऋतु– ग्रीष्म**

## आज का राशिफल



**मेष (Aries):** आज का दिन आपको सतर्कता और समझदारी के साथ आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है।



**वृष (Taurus):** आज आपका पूरा ध्यान अपने अधूरे और जरूरी कामों को सही तरीके से पूरा करने पर रहेगा। जल्दबाजी से बचना आपके लिए बेहद जरूरी होगा, क्योंकि छोटी सी गलती भी बड़ा झंझट खड़ा कर सकती है।



**मिथुन (Gemini):** आज का दिन संतुलन बनाए रखने का संदेश दे रहा है। दूसरों की मदद करना अच्छी बात है, लेकिन अपने कामों को नजरअंदाज करना आपके लिए सही नहीं रहेगा।



**कर्क (Cancer):** आज का दिन संतोष, सम्मान और उपलब्धियों का सुंदर मेल लेकर आ सकता है। सामाजिक, राजनीतिक या सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलने के संकेत हैं।



**सिंह (Leo):** आज का दिन व्यापार और करियर दोनों क्षेत्रों में उत्साहजनक परिणाम दे सकता है। आपका प्रभावशाली व्यक्तित्व लोगों को आकर्षित करेगा और नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं।



**कन्या (Virgo):** आज सकारात्मक ऊर्जा आपके चारों ओर बनी रहेगी। मित्रों के साथ संबंध और मजबूत होंगे और उनसे सहयोग भी मिलेगा। आर्थिक योजनाएं लाभ का मार्ग खोल सकती हैं।



**तुला (Libra):** भाग्य आज आपके पक्ष में खड़ा नजर आ रहा है। प्रॉपर्टी खरीदने, बेचने या उससे जुड़े बड़े फैसले लेने के लिए समय अनुकूल है। साझेदारी में शुरू किया गया काम भी अच्छा लाभ दे सकता है।



**वृश्चिक (Scorpio):** आज आपको हर नए व्यक्ति पर तुरंत भरोसा करने से बचना होगा। जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान का कारण बन सकता है। घर की साज-सज्जा और सुख-सुविधाओं को बेहतर बनाने पर आपका ध्यान रहेगा।



**धनु (Saggiatarias):** आज आपका प्रभाव और सम्मान दोनों बढ़ने के संकेत दे रहे हैं। हालांकि दूसरों के मामलों में अनावश्यक दखल देने से बचना ही समझदारी होगी। जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाए रखना जरूरी रहेगा।



**मकर (Capricon):** आज कुछ पारिवारिक और व्यक्तिगत विषय आपके मन को व्यस्त रख सकते हैं। संतान के करियर या नौकरी से जुड़ी चिंता आपको परेशान कर सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें।



**कुंभ (Aquries):** आज आपका मन धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की ओर आकर्षित रहेगा। लंबे समय से रुके हुए सरकारी कार्यों को गति देने के लिए आप किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं।



**मीन (Pisces):** आज का दिन लाभ और खुशियों की सौगात लेकर आ सकता है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है, जिससे आर्थिक राहत महसूस होगी।

## समकालीन हिंदी कविता: तबीयत है, मचलना चाहती



वीरेन्द्र कुमार शेखर

तबीयत है, मचलना चाहती है,<br>किसी से फिर उलझना चाहती है।<br>मुखालिफ़ ताक़तों की साज़िशों से,<br>जुबां फिर से फिसलना चाहती है।<br>अना मेरी जवां होने की ख़ातिर,<br>चुनौती से निखरना चाहती है।<br>वजूदों पे दिखे ख़तरे तो जाने,<br>फ़िज़ा ख़ुद को बदलना चाहती है।<br>मुसीबत सामने पाई तो समझे,<br>मेरी किस्मत सँवरना चाहती है।<br>जो देखी कोशिशें जीने की तब से,<br>उदासी हाथ मलना चाहती है।<br>सियासी सोच से हुशियार रहना,<br>मुखौटा फिर बदलना चाहती है।<br>जो देखा जोश बच्चों का तो शेखर,<br>नई उम्मीद पलना चाहती है।

'डूब मरो भिखारियो.', एक तो भयंकर बारिश, उधर भारत ने खोला सतलज डैम का गेट, अब पाकिस्तान का क्या होगा?




### एक घंटे में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**आसनसोल, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** मुख्यमंत्री की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप कुल्टी थाना अंतर्गत सांकतोड़िया फांड़ी की पुलिस ने तेज़ कार्रवाई करते हुए एक गंभीर सेक्सुअल क्राइम का खुलासा कर, मुख्य आरोपी को मात्र एक घंटे में गिरफ्तार कर बड़ा संकेत दिया है। शिकायत के अनुसार, डिशेरगढ़ इलाके की एक 27 वर्षीय गृहिणी को लगभग एक साल तक डर दिखाकर लगातार बलात्कार का शिकार बनाया गया। पीड़िता के हालिया शिकायत के बाद तुरंत केस दर्ज किया गया और मुख्य अभियुक्त मंज़ूर आलम को पकड़ा गया। आरोपी को चार दिनों की पुलिस हिरासत में लिया गया है।

## राजस्थान समाचार



### जनता को परेशान किया तो हर बार आऊंगी

# घूंघट में पहुंची पूर्व विधायक

## अधिकारी को अंग्रेजी में लगाई जमकर फटकार

**उदयपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** उदयपुर जिले के भींडर नगर पालिका कार्यालय में सोमवार को वल्लभनगर की पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत घूंघट में पहुंचीं। उन्होंने स्थानीय पार्षदों और आमजन के साथ अधिशासी अधिकारी () का घेराव कर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। इस दौरान लंबित पट्टा प्रकरणों, कथित फर्जी पट्टों, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण और जनसमस्याओं को लेकर उन्होंने अधिकारियों को खरी-खरी सुनाई।

बातचीत के दौरान प्रीति शक्तावत ने फर्राटेदार अंग्रेजी में भी अपनी बात रखी और स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि आम लोगों को बेवजह परेशान किया गया तो वह हर बार नगर पालिका पहुंचकर अधिकारियों से जवाब मांगेंगी। उनका अंग्रेजी में अधिकारी को




फटकार लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और चर्चा का विषय बना हुआ है। पूर्व विधायक ने कहा कि नगर पालिका में लंबे समय से पात्र लोगों के पट्टा प्रकरण लंबित पड़े हैं। लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने सभी लंबित मामलों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण करने की मांग करते हुए कहा कि पात्र लोगों को बिना किसी भेदभाव के उनका अधिकार मिलना चाहिए। इस दौरान लोगों ने कथित फर्जी पट्टों के आधार पर किए गए निर्माण और नगरपालिका की जमीन पर अतिक्रमण के मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी उठाई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ सरकारी और सार्वजनिक भूमि का सर्वे, सीमांकन और चिह्नांकन कराने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसे विवादों पर रोक लग सके। प्रभातनगर कॉलोनी के निवासियों ने पार्षद लता चौबीसा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि एक निर्माणाधीन मकान के कारण सरकारी सड़क पर अतिक्रमण किया गया है। उनका कहना है कि निर्माण के दौरान सड़क तोड़कर बीच रास्ते में आ-रसीसी पोल खड़ा कर दिया गया, जिससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

### करोड़ों रुपये के अवैध मादक पदार्थ नष्ट किये

**भीलवाड़ा, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** राजस्थान में भीलवाड़ा में जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति ने गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में विभिन्न थानों में जब्त करोड़ों रुपये के अवैध नशीले पदार्थों को नष्ट किया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सागर के नेतृत्व में संपन्न हुई। समिति के सदस्यों की मौजूदगी में सबसे पहले मालखाने से लाये गये नशीले पदार्थों के वजन और सील का मिलान किया गया, जिसके बाद नियमानुसार इन्हें नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू की गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिले के विभिन्न थानों में दर्ज कुल 20 गंभीर मामलों से जुड़े मादक पदार्थों को नष्ट किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस पूरी खेप की अनुमानित कीमत पांच करोड़ 70 लाख 80 हजार रुपये आंकी गयी है।

### मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश**



**जयपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को शासन सचिवालय में जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में संचालित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन के सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति में अपेक्षित गति लाई जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए राज्य की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी रूप से स्थापित किया जाए। मुख्य सचिव ने भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी योजनाओं का शीघ्र वित्तीय समापन सुनिश्चित करने तथा उनकी प्रगति को पोर्टल पर समय पर अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर जल प्रमाणन, जल सेवा आकलन, सुजलाम भारत आईडी तैयार करने तथा जिला सुधार योजनाओं के शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में मिशन के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं, कार्यादेश जारी होने की स्थिति, लंबित निविदाओं, वित्तीय व्यय तथा योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

### 267 करोड़ के 177 भूखण्ड होंगे आवंटित

**जयपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** राज्य सरकार की उद्योग एवं निवेश संवर्द्धन नीतियों का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। निवेशकों का बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि उद्यमी अब अन्य राज्यों की अपेक्षा राजस्थान में निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण रीको द्वारा हाल ही में आयोजित भूखण्ड नीलामी (ऑक्शन) में देखने को मिला। इसमें रीको को 184 भूखण्डों के लिए 481 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। 177 भूखण्डों पर सफलतापूर्वक बिड़िंग संपन्न हुई जिनका क्षेत्रफल करीब 36 एकड़ तथा मूल्य लगभग 267 करोड़ रुपये है। इस नीलामी में औद्योगिक भूखण्डों के साथ-साथ कियोस्क, होटल, वे-ब्रिज, स्कूल, दुकानें, पेट्रोल पंप तथा कमर्शियल शोरूम जैसी विभिन्न श्रेणियों के भूखण्ड भी उद्यमियों के लिए उपलब्ध कराए गए।

## सिलीगुड़ी समाचार

### भूस्खलन से भारी तबाही, फंसे पर्यटक



**सिलीगुड़ी, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** मानसून के आगमन के साथ ही पहाड़ों में जानी-पहचानी स्थिति लौट आई है। उत्तरी बंगाल और सिक्किम को जोड़ने वाली मुख्य सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 10 (एनएच10) एक बड़े भूस्खलन के कारण पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई है। उत्तरी बंगाल में लगातार भारी बारिश के कारण गुरुवार सुबह सेवोके काली मंदिर के पास पहाड़ से एक बड़ा भूस्खलन हुआ (एनएच10 भूस्खलन सेवोके)। इसके चलते सिलीगुड़ी से सिक्किम के कालिम्पोंग और गंगटोक जाने वाला सीधा मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है (सिलीगुड़ी सिक्किम राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध)। पहाड़ की चोटी से कीचड़ और मिट्टी से ढके बड़े-बड़े पत्थर लुढ़क कर नीचे आ जाने से सड़क बेहद खतरनाक हो गई है। इस घटना के कारण दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। भारी यातायात जाम के चलते कई पर्यटक पहाड़ी सड़क के बीचोंबीच फंस गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के अवरुद्ध होने की खबर पहुंचते ही प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। बड़े-बड़े पत्थरों और मिट्टी के ढेर को हटाने के लिए युद्धकालीन तरीके से सड़क साफ की जा रही है। हालांकि, भारी बारिश के कारण बचाव दल को बेहद तेजी से काम करना पड़ रहा है। इस बीच, समय बीतने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लंबी होती जा रही हैं। दूर-दूर से आने वाले पैदल यात्री और यात्री भारी यातायात जाम के कारण हांफ रहे हैं। मैदान से पहाड़ी तक यात्रा करने का आनंद कई फंसे हुए पर्यटकों के लिए पल भर में दुख में बदल गया है।

### पंचानन नदी के बांध पर बना तृणमूल कार्यालय जमींदोज, चला बुलडोजर



**सिलीगुड़ी, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** सिलीगुड़ी नगर निगम ने गुरुवार को वार्ड नंबर 47 में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पंचानन नदी के बांध पर अवैध रूप से बनाए गए एक राजनीतिक दल के कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। प्रशासन की पहल पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर इस अवैध निर्माण को पूरी तरह हटा दिया गया।बिना अनुमति के किया गया था निर्माणनगर निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नदी के बांध पर बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के इस कार्यालय का निर्माण किया गया था, जिसे लेकर लंबे समय से आपत्तियां उठ रही थीं। निर्धारित प्रशासनिक प्रक्रिया और नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद, गुरुवार सुबह नगर निगम के अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। बुलडोजर की मदद से कुछ ही समय में पूरे अवैध ढांचे को ढहा दिया गया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, तैनात रही पुलिसअभियान के दौरान किसी भी तरह के विरोध या अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए घटनास्थल पर प्रधाननगर थाने की विशाल पुलिस वाहिनी तैनात की गई थी। पूरे अभियान के दौरान पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों ने स्थिति पर कड़ी नजर रखी, जिसके कारण कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही। नगर निगम के कई आला अधिकारियों की देखरेख में यह पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## आसनसोल समाचार

### अग्निमित्रा पाल का सख्त एक्शन



**आसनसोल, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** पश्चिम बंगाल की शहरी विकास एवं नगर पालिका मामलों की मंत्री अग्निमित्रा पाल ने गुरुवार को आसनसोल शहर का व्यापक निरीक्षण कर अतिक्रमण, पार्किंग और यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बाजार क्षेत्र से लेकर बस स्टैंड तक किए गए इस औचक दौरे के दौरान उन्होंने नागरिक सुविधाओं में बाधा बनने वाली अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बाजार क्षेत्र का जायजा लेते हुए मंत्री ने देखा कि फुटपाथों पर अवैध कब्जों के कारण आम लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। साथ ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से वाहन सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े किए जा रहे हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है।

## कुल्टी समाचार

### मंत्री उमेश राय का भव्य स्वागत



**कुल्टी, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** पश्चिम बंगाल सरकार में संसदीय कार्य विभाग तथा नगर विकास एवं नगर मामलों के राज्य मंत्री एवं हावड़ा उत्तर विधानसभा से भाजपा विधायक उमेश राय के अपने पैतृक गांव जाने के दौरान बुधवार देर रात बंगाल-झारखंड सीमा पर कुल्टी विधानसभा भाजपा परिवार की ओर से भव्य एवं गरिमामय स्वागत किया गया। राज्य मंत्री के सीमा क्षेत्र में पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और मंडल पदाधिकारियों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज, भारत माता के जयघोष और जोरदार नारों के बीच उनका आत्मीय अभिनंदन किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा मंडल पदाधिकारी मनमोहन राय एवं समाजसेवी अवध किशोर शर्मा ने राज्य मंत्री को अंगवस्त्र, पुष्पमाला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

## रानीगंज समाचार

### अवैध संबंधों के आरोप में हंगामा



**रानीगंज, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** पड़ोस की एक विवाहित महिला के साथ कथित अवैध संबंधों को लेकर पश्चिम बर्धमान के रानीगंज ग्रामीण इलाके में बुधवार को भारी तनाव फैल गया। आरोप जिला सभाधिपति विश्वनाथ बाउरी के बेटे पवित्र बाउरी पर लगा है। हालांकि, इस आरोप को लेकर अभी तक आरोपी या उनके परिवार की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पवित्र बाउरी का इलाके की एक विवाहित महिला के साथ लंबे समय से कथित तौर पर प्रेम प्रसंग चल रहा था। यह मामला उजागर होने के बाद बुधवार सुबह से ही आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला सभाधिपति के घर के बाहर इकट्ठा होकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि पवित्र बाउरी को उस विवाहित महिला से शादी करनी होगी।

## फटाफट खबरें

### एक ही परिवार के तीन बच्चे तालाब में डूबे, मौत

**पूर्व मिदनापुर, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** बारिश के दौरान तीन भाई-बहन तालाब में नहाने की ज़िद कर रहे थे। उनके दादाजी ने कई बार मना किया था। इसके बावजूद, बारिश में भीगने के बाद तीनों अपने घर के पास वाले तालाब में नहाने चले गए। और फिर आया दुखद अंजाम। यह घटना पूर्वी मिदनापुर जिले के खेजुरी के अमजदनगर गांव में घटी। पूरे इलाके में मातम छा गया है। एक ही परिवार के तीन बच्चे तालाब में डूब गए। परिवार के सूत्रों के अनुसार, दिल्ली से घूमने आए तीनों भाई-बहन सुबह से ही बारिश में भीग गए थे और तालाब में नहाने की ज़िद कर रहे थे। उनके दादाजी बादल दास ने उन्हें मना किया था, फिर भी वे परिवार की जानकारी के बिना अपने घर से करीब 50 मीटर दूर स्थित तालाब में नहाने चले गए। काफी देर तक बच्चों के न मिलने पर परिवार के सदस्यों ने उनकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद वे तालाब के पास गए और उनमें से एक को पानी में तैरता हुआ देखा। तुरंत दादा बादल दास और एक युवा पड़ोसी तालाब में उतरे और तीनों बच्चों को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही खेजुरी पुलिस स्टेशन की पुलिस मौके पर पहुंची, परिवार के सदस्यों से बात की और पूरी घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस तीनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गई।

### तृणमूल बैंक खाता फ्रीज मामले में सशर्त अनुमति

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** तृणमूल के बैंक अकाउंट फ्रीज़ के मामले में गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश दिए हैं। न्यायाधीश सौगत भट्टाचार्य ने आदेश दिया कि हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त स्पेशल ऑफिसर की निगरानी में अस्थायी रूप से उन तीनों बैंक अकाउंट से रोजमर्रा के काम के लिए खर्च करने वाली राशी निकाली जा सकेगी। कानूनी खर्च के लिए भी वे रुपए निकाल सकेंगे। हालांकि इसके अलावा और किसी भी खर्च के लिए रुपया नहीं निकाला जा सकेगा। इस आदेश के बाद अब कालीघाट गुट की तृणमूल कांग्रेस इन बैंक अकाउंट्स से सशर्त रुपए निकाल सकेंगे। रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार तीनों फ्रीज़ अकाउंट से पार्टी के मूल व्यवहारकारी चेक के माध्यम से रुपए निकाल सकेंगे। इसके लिए स्पेशल ऑफिसर के तौर पर अवकाशप्राप्त न्यायाधीश सुब्रत तालुकदार को अदालत ने नियुक्त किया है।

### सोने के व्यापारी की हत्या, बीडीओ मुसीबत में

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** सॉल्टलेक के दत्ताबाद के मशहूर सोने के व्यापारी स्वपन कामिलिया की हत्या के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बिधाननगर पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने और मुख्य दोषियों को पकड़ने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है। गुरुवार को इस मामले की जांच में एक अहम कदम उठाया गया। बिधाननगर पुलिस के साथ राज्य पुलिस की एसटीएफ, साइबर क्राइम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने संयुक्त रूप से न्यूटाउन फ्लैट स्थित एक खास घर पर छापा मारा। अधिकारियों ने वहां से कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक नमूने बरामद किए हैं। जांचकर्ताओं को पूरा शक है कि न्यूटाउन स्थित इसी घर में सोने के व्यापारी की निर्मम हत्या की गई थी। यह घटना पिछले साल 28 अक्टूबर को शुरू हुई थी। मृतक के परिवार के अनुसार, उस दिन दो कारों में सवार 5 से 6 अज्ञात व्यक्तियों ने सॉल्ट लेक के दत्ताबाद स्थित स्वपन की सोने की दुकान पर छापा मारा।

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया अस्पताल का दौरा

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** राज्य के सरकारी अस्पतालों की हालत बेहद खराब है। मेडिकल कॉलेजों की हालत भी दयनीय है! कुछ जगहों पर बिस्तरों की कमी है, एक्सपायर्ड दवाइयां और सलाइन इधर-उधर बिखरे पड़े हैं, कुछ अस्पतालों में कुत्ते-बिल्लियों की कमी है, कुछ अस्पतालों में मरीजों की देखभाल घटिया है। ये सब बातें अब बीते दिनों की बात हो गई हैं। भाजपा सरकार के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने की पहल करने वाले स्वास्थ्य मंत्री शरदवत मुखर्जी सुबह से ही अस्पतालों का जायजा ले रहे हैं। गुरुवार दोपहर स्वास्थ्य मंत्री बारासात अस्पताल पहुंचे और बेहद गुस्से में थे। मरीजों की देखभाल में घोर लापरवाही देखकर उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने कहा, ''किसी को दोष देने का कोई फायदा नहीं। गलती पश्चिम बंगाल सरकार की है, चाहे उस सरकार में कोई भी हो। अब सारा दोष मेरे कंधों पर है। जिसने भी यह बोझ उठाया है, उसका बोझ मेरे कंधों पर है। अब इस बोझ को हल्का करना मेरी जिम्मेदारी है।

### मुख्यमंत्री शुभेंदु से मिले प्रसेनजीत

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** टॉलीवुड अभिनेता प्रसेनजीत चटर्जी आज नबान्न गए। उन्होंने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से बात की। प्रसेनजीत ने बताया कि उन्होंने टॉलीवुड के बारे में बात की। उन्होंने महान नायक उत्तम कुमार के बारे में बात की। यकीन मानिए, पश्चिम बंगाल के लोगों, मुझसे किसी ने भी राजनीतिक मुद्दे पर बात नहीं की। उस दिन भी ऐसा नहीं हुआ था, आज भी नहीं होता। जो बात हुई वो हमारी इंडस्ट्री के बारे में थी। उत्तम कुमार के 100 साल पूरे हुए, उत्तम कुमार बंगालियों के लिए जुनून हैं, इसलिए उन्होंने इसी बारे में बात की। उत्तम जेठू की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष समारोह की योजना बनाई जा रही है। इस पर चर्चा हो चुकी है। मेरा मानना है कि उत्तम कुमार को न केवल पश्चिम बंगाल में, बल्कि पूरे भारत में और यहां तक कि देश के बाहर भी सभी लोग प्यार करते हैं। अगले 100 वर्षों के बाद भी उन्हें याद किया जाएगा। जब से प्रोसेनजीत चटर्जी नबन्ना गए हैं, तब से ऐसी अफवाहें उड़ रही हैं कि अभिनेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

### आद्रा पांचुडांगा में राम मंदिर का भव्य उद्घाटन



**पुरुलिया, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** पुरुलिया जिले के आद्रा पांचुडांगा इलाके में राम मंदिर का भव्य उद्घाटन और श्री रामचंद्र की 21 फुट ऊंची मूर्ति की स्थापना पूरी हुई। राम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लपांचुडांगा इलाके की करीब 500 महिलाओं ने पुण्य कलश यात्रा निकालकर राम मंदिर का भव्य उद्घाटन और श्री रामचंद्र की मूर्ति की स्थापना औपचारिक रूप से पूरी की। आद्रा राम मंदिर से बड़े धार्मिक जुलूस के साथ शुरू हुई यह कलश यात्रा, आद्रा बाज़ार इलाके की परिक्रमा करके पांचुडांगा राम मंदिर परिसर में खत्म हुई। जहाँ आस-पास का माहौल शंख, उलुद, भक्ति संगीत और जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। श्री रामचंद्र की नई बनी 21 फुट ऊंची मूर्ति की वैदिक मंत्रों के जाप, पूजा और अलग-अलग धार्मिक रस्मों के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

### रक्तदान शिविर का आयोजन



**रानीगंज, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** रानीगंज क्लॉथ मर्चेंट, रोटरी क्लब एवं महिला विंग इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी क्लब हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पुरुषों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाजसेवा का परिचय दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनूप सराफ ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह केवल रक्त का दान नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने का माध्यम है। सभी लोगों को रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में सहभागी बनना चाहिए। रोटेरियन प्रशांत जायसवाल ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा जिला परियोजना के तहत पोलियो अभियान, निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर सहित अनेक सामाजिक गतिविधियों का नियमित रूप से आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर रोटेरियन महेश बाजोरिया, डॉ. राजेश गुप्ता, जय साव, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



सूर्योदय 5.00 बजे
सूर्यास्त 6.25 बजे

■ आज अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 30 व 27 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम व न्यूनतम आर्द्रता 94% तथा 71% रही।

बारिश हुई



● श्री श्री ईश्वर सत्यनारायण एवं अन्य देवगण 51, कॉटन स्ट्रीट, बड़ाबाजार में निःशुल्क फिजियोथेरॉपी सुबह 8 से 10 बजे तक एवं निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा सायं 5 से 7 बजे तक। सुबह 10.30 से 11 बजे तक निःशुल्क भोजन 21 लोगों के लिए।

● सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा सीकर भवन, 1-ए, आशुतोष दे लेन में खिचड़ी वितरण सीकर भवन के सामने सुबह 8:15 से 9:00 तक। होम्योपैथी चिकित्सा सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक। दंत चिकित्सा शाम 04:00 से 05:30 बजे तक। चक्षु चिकित्सा शाम 04:30 से 05:30 बजे तक। फिजियोथेरेपी चिकित्सा शाम 05:30 से 07:00 बजे तक।

## शोक समाचार



**श्रीमती जेठी देवी बोथरा,** 8 जुलाई को परलोक गमन हो गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने हृदय में स्थान दें और परिवार को इस अपार दुःख सहने की शक्ति दें।

**'शोक समाचार'** स्तंभ में शोक समाचार देने अथवा हमारे समाचार पत्र में शोक संबंधी विज्ञापन प्रकाशित करने को इच्छुक पाठक 9062771550 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# अपराधियों के प्रति कोई नरमी नहीं: दिलीप घोष



**कोलकाता, 9 जुलाई (निप्र)।** इस राज्य के पंचायत एवं ग्रामोन्नयन मंत्री दिलीप घोष ने अपराधियों के प्रति कड़ा रुख अपनाने का संकेत देते हुए स्पष्ट कहा कि राज्य में अपराध और अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने की पूरी स्वतंत्रता प्रदान की गई है। बारुईपुर में नाबालिग से दुष्कर्म एवं हत्या के मामले के आरोपित की पुलिस मुठभेड़ में मृत्यु के संबंध में गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम और मध्य प्रदेश की तरह पश्चिम बंगाल में भी पुलिस को कानून के अनुसार कार्य करने की समान स्वतंत्रता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी तथा कानून-व्यवस्था की पुनर्स्थापना के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जाएंगे। दिलीप घोष ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने का कोई निश्चित मॉडल नहीं होता। परिस्थिति के अनुसार पुलिस जो आवश्यक समझेगी, वही करेगी। राज्य सरकार ने पुलिस को पूर्ण स्वतंत्रता दी है और कानून-व्यवस्था सामान्य बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जो भी आवश्यक होगा, सरकार वह कदम उठाएगी।


## हावड़ा मंडल के तहत क्षेतिया हॉल्ट, जीबन्ति हॉल्ट एवं बरमसिया हॉल्ट स्टेशनों के लिए हॉल्ट ठेकेदार का चयन

सं.: सीओएम/डीईवी/हॉल्ट/केएसएचटी/जेवीटी/बीआरएमए/2026 दिनांक: 09.07.2026

हावड़ा मंडल के तहत **क्षेतिया, जीबन्ति एवं बरमसिया हॉल्ट** स्टेशनों में निर्धारित कमिशन के आधार पर मोबाइल यूटीएस के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की बिक्री के लिए पांच वर्षों की अवधि हेतु सम्पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर हॉल्ट ठेकेदार के चयन के लिए पात्र व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **हॉल्ट का विवरण: हॉल्ट का नाम, स्थान, जिला, राज्य** निम्नलिखित है: **(1) क्षेतिया,** बर्द्धमान-कटवा लाइन में कामनारा एवं धमारदिघी स्टेशनों के बीच, पूर्व बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल। **(2) जीबन्ति,** कटवा-आजिमगंज लाइन में कर्ण सुवर्ण एवं खगड़ाघाट रोड स्टेशनों के बीच, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल। **(3) बरमसिया,** रामपुरहाट-दुमका लाइन में शिकारीपाड़ा एवं कुरुवा स्टेशनों के बीच, दुमका, झारखण्ड। **पात्रता के मानदंड: (1)** आवेदक को उस जिले का स्थानीय निवासी होना चाहिए, जहां स्टेशन अवस्थित है यानी क्षेतिया के लिए पूर्व बर्द्धमान (पश्चिम बंगाल), जीबन्ति के लिए मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) तथा बरमसिया के लिए दुमका (झारखण्ड)। इसके लिए, आवेदक को जिस जिले में हॉल्ट स्टेशन अवस्थित है उस जिले के डीएम/एडीएम/एसडीओ/बीडीओ से स्थानीय आवासिक प्रमाणपत्र अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा भलीभांति सत्यापित चुनाव पहचान पत्र की प्रतिलिपि जमा करनी होगी। आवेदन के साथ स्थानीय निवासी होने के कागजात जमा किए जाने चाहिए। (2) आवेदक की उम्र दिनांक 01.07.2026 को 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदक को कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण किया होना चाहिए तथा स्टेशनों के नाम तथा टिकटों के मूल्य पढ़ने लायक अंग्रेजी का साधारण कार्यकारी ज्ञान होना चाहिए। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र तथा उम्र के साक्ष्य के दस्तावेज की राजपत्रित अधिकारी द्वारा भलीभांति सत्यापित प्रतिलिपि जमा करनी होगी। (3) आवेदक को पंजीकृत चिकित्सक अथवा सरकार द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाणपत्र जमा करना होगा, जिसमें यह उल्लेख होना चाहिए कि वह सक्रिय रूप से सेवा प्रदान करने के लिए शारीरिक रूप से तंदुरुस्त है तथा किसी भी तरह की संक्रामक बीमारी से मुक्त है। (4) चयन के उपरांत, उम्मीदवार को पुलिस जांच रिपोर्ट तथा सुरक्षा जमा के रूप में रु. 2,000/- की रकम जमा करना होगा। (5) हॉल्ट ठेकेदार को रेलवे द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार बैंक गारंटी/फिक्स्ड डिपॉजिट/मनी रिसिप्ट/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ब्लूटूथ सक्षम थर्मल प्रिंटर (मोबाइल/डेस्कटॉप) के लिए और एक सुरक्षा जमा की रकम का भुगतान करना होगा। (6) इसके अलावा, हॉल्ट ठेकेदार को जारी किए गए टिकट रोल के लिए उन्हें एमआर/डीडी/एफडी/बीजी के रूप में रु. 25,000/- की अप्रतिदेय सुरक्षा जमा करना होगा। **भुगतेय कमिशन :** भुगतेय कमिशन निम्नानुसार होंगे: **बिक्री कारोबार (रु.) : भुगतेय कमिशन:** रु. 1-15,000 : 15%, रु. 15,001-50,000 : 12%, रु. 50,001-1,00,000: 9%, रु. 1,00,001-2,00,000: 6%, तथा रु. 2,00,001 तथा अधिक: 3%। **आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तों की उपलब्धता :** आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वाणिज्य शाखा, पहली मंजिल, न्यू डीआरएम बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, हावड़ा, पिन-711101 के कार्यालय से दिनांक 10.07.2026 तथा 31.07.2026 के बीच किसी भी कार्यकारी दिवस को (सभी दिवसों को 11.00 बजे से 17.00 बजे तक, दिनांक 10.07.2026 एवं 31.07.2026 को छोड़कर। दिनांक 10.07.2026 को 12.00 बजे से 17.00 बजे तक तथा दिनांक 31.07.2026 को 11.00 बजे से 12.00 बजे तक) उपलब्ध रहेगी। आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। **आवेदन जमा :** दिनांक 10.07.2026 से 31.07.2026 तक (सभी दिवसों को 11.00 बजे से 17.00 बजे तक। दिनांक 10.07.2026 एवं 31.07.2026 को छोड़कर। दिनांक 10.07.2026 को 13.00 बजे से 17.00 बजे तक तथा दिनांक 31.07.2026 को 11.00 बजे से 13.00 बजे तक)। प्रारूप के अनुसार भलीभांति भरे हुए आवेदन के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित दस्तावेज की छाया प्रतिलिपियां मुहरबंद लिफाफे में संलग्न कर लिफाफे के आवरण पर "------- हॉल्ट स्टेशन में हॉल्ट ठेकेदार हेतु आवेदन" लिख कर मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), वाणिज्य शाखा, पहली मंजिल, न्यू डीआरएम बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, हावड़ा, पिन-711101 को संबोधित कर भेजना होगा। आवेदन को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय में इस उद्देश्य के लिए रखी पेटी में डाले जाने चाहिए। **आवेदन पेटी खोली जाएगी:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय में दिनांक 31.07.2026 को 14.00 बजे। अवकाश अथवा अन्य किसी भी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय के बंद रहने पर आवेदन अगले कार्यकारी दिवस को उसी समय एवं स्थान पर खोले जाएंगे। **आवेदन का सम्पूर्ण विवरण तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें** आधिकारिक वेबसाइट : **www.er.indianrailways.gov.in** पर तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें जा सकते हैं।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), हावड़ा

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सरकारी अस्पतालों में खत्म होगा दलालराज



*स्वास्थ्य भवन में कंट्रोल रूम का जायजा ले रहे मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी।* *विश्वमित्र*

## स्वास्थ्य भवन में खुला कंट्रोल रूम, चौबीसों घंटे निगरानी

**कोलकाता, 9 जुलाई (निप्र)।** अस्पतालों को दलाल राज से मुक्त करने और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने को लेकर आज सुबह मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी स्वास्थ्य भवन पहुंचे। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री शारद्वत मुखोपाध्याय भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य भवन के बाहर मुख्यमंत्री ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कई अहम बातें कहीं और अस्पतालों में सुधार के लिए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों को दलाल राज से पूरी तरह मुक्त करना होगा। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आने वाले लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, "सरकारी अस्पतालों में लोगों को सुंदर और अच्छी सेवाएं देनी होंगी। मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।" मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अस्पतालों को आयुष्मान मंदिर' का नाम दिया है। इसलिए अस्पतालों की व्यवस्था और माहौल को मंदिर की तरह पवित्र बनाए रखना होगा। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने पर भी जोर दिया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे बेहतर तरीके से अपना काम कर सकें। स्वास्थ्य भवन से होगी अस्पतालों की निगरानी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के अस्पतालों में सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य भवन से लगातार निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों के काम और जिम्मेदारियों के आधार पर अलग-अलग बैच तैयार किए जाएंगे, जिससे काम की समीक्षा और व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

## सरकारी जमीन पर कब्जा प्रशासन का तीन दिन का अल्टीमेटम

**हावड़ा, 9 जुलाई (निप्र)।** हावड़ा के बी गार्डेन स्थित एजेसी बोस थाना क्षेत्र में शिबपुर आईआईईएसटी (आईआईईएसटी) फर्स्ट गेट से बी गार्डेन मेन गेट तक सड़क किनारे सरकारी जमीन पर अवैध रूप से दुकानें लगाकर और कब्जा कर व्यवसाय कर रहे लोगों को प्रशासन ने नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर स्थान खाली करने का निर्देश दिया है। प्रशासन की ओर से नोटिस देने के साथ-साथ माइकिंग कर लोगों से अपील की जा रही है कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर स्वयं अपने दुकान, ढांचे और अन्य अतिक्रमण हटा लें। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि तय समय के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया जाएगा। माइकिंग के बाद इलाके में कई लोगों को स्वयं अपने हाथों से दुकानें और अस्थायी ढांचे हटाते हुए देखा गया। इसके दृश्य भी सामने आए हैं। प्रशासन का कहना है कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जहां-जहां सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है या सड़क के दोनों किनारों पर अतिक्रमण कर रखा गया है, वहां चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाकर सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इसी अभियान के तहत संबंधित क्षेत्र में यह नोटिस जारी किया गया है।

# 25 महीने में रकम दोगुनी ठगी कंपनी के छह गिरफ्तार

**हावड़ा, 9 जुलाई (निप्र)।** 25 महीने में निवेश की राशि दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोप में हावड़ा सिटी पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) ने एक फर्जी निवेश कंपनी के तीन निदेशकों सहित कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कंपनी के निदेशक सुजय कांजीलाल, उनकी मां नमिता कांजीलाल, पत्नी सुद्रिशा कांजीलाल के अलावा तीन कर्मचारी तनुश्री बंद्योपाध्याय, अनिर्बान कुंडू और अभिषेक पाल शामिल हैं। इस संबंध में हावड़ा सिटी पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट के डीसीपी राहुल मिश्रा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर इस घटना की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, मध्य हावड़ा के बेलिलियस रोड निवासी ने बेंटरा थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि मई 2024 में आरोपियों ने उन्हें 25 महीने के भीतर निवेश की राशि दोगुनी करने का प्रलोभन देकर कुल 13 लाख रुपये निवेश कराये। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए कुछ मुनाफा भी दिया, लेकिन बाद में मुनाफा देना बंद कर दिया। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस को पता चला कि ब्लूम वेल्थ ब्रांड इक्विटी ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड नामक चिटफंड कंपनी लोगों को अपना शिकार बना रही है। कंपनी ने राज्य के विभिन्न जिलों में अधिक मुनाफे का लालच देकर आम लोगों से बड़ी मात्रा में ठगी की है। इस कंपनी के खिलाफ हावड़ा के बेंटरा, शिवपुर, चटर्जी हाट, बी गार्डेन, पूर्व बर्दवान, मगरा तथा कोलकाता के हेयर स्ट्रीट सहित कई थानों में मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस का दावा है कि अब तक की जांच में लगभग 16 करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले का खुलासा हुआ है। जांच अधिकारी गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर इस ठगी में शामिल अन्य लोगों, कंपनी के वित्तीय लेन-देन और ठगी के शिकार निवेशकों की वास्तविक संख्या का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने संकेत दिया है कि जांच आगे बढ़ने के साथ इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।




### चोरी के आरोप में युवक की पिटाई, पुलिस ने बचाया

चोरी के आरोप में पकड़े जाने के बाद एक युवक की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह घटना बुधवार रात बाली के श्रीचरण सरणी इलाके की है। सूत्रों के अनुसार, युवक को पकड़ने के बाद पहले उसे एक बिजली के खंभे से बांध दिया गया। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई की गई। सूचना मिलने पर बाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया। हावड़ा सिटी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ऐसी एक घटना हुई है, लेकिन युवक की चोटें गंभीर नहीं हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो उसी घटना का है या नहीं, इसकी पुलिस ने पुष्टि नहीं की है।

# 100 करोड़ की मेगा योजना से बदलेगी मिरिक की तस्वीर

## विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र बनेगा उत्तर बंगाल का खूबसूरत हिल स्टेशन

**कोलकाता, 9 जुलाई (निप्र)।** उत्तर बंगाल की खूबसूरत पर्यटन नगरी मिरिक को जल्द ही नया स्वरूप मिलने जा रहा है। राज्य सरकार ने मिरिक झील और उसके आसपास के क्षेत्र को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपये के मेगा टूरिज्म मास्टरप्लान की घोषणा की है। पर्यटन मंत्री शंकर घोष ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना का ऐलान करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य मिरिक को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्यटन केंद्र बनाना है। परियोजना के तहत मिरिक झील का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा। झील के किनारों को आकर्षक बनाया जाएगा, जबकि बोटिंग, वॉक-वे और उद्यानों को आधुनिक रूप दिया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पैराग्लाइडिंग, जिपलाइन और वाटर स्पोर्ट्स जैसी एडवेंचर गतिविधियां भी शुरू करने की योजना है।

पर्यटन मंत्री शंकर घोष ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को केवल घूमने-फिरने तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे आर्थिक विकास और स्थानीय लोगों के रोजगार का मजबूत माध्यम बनाना चाहती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सिलीगुड़ी में अधिकारियों के साथ हुई बैठक में 'एक्सपीरियंस बंगाल 2.0' अभियान के तहत मिरिक सहित उत्तर बंगाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि बंगाल के पास पहाड़ और समुद्र दोनों की प्राकृतिक संपदा है। सरकार का लक्ष्य मिरिक, दार्जिलिंग और पूरे उत्तर बंगाल को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करना है, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलें और स्थानीय लोगों की आय के नए अवसर पैदा हों। मास्टरप्लान की प्रमुख विशेषताएं होंगी। जैसे मिरिक झील के किनारों का सौंदर्यीकरण और आधुनिक वॉक-वे का निर्माण। पैराग्लाइडिंग, जिपलाइन और वाटर स्पोर्ट्स जैसी नई एडवेंचर गतिविधियों की शुरुआत।



टूरिस्ट हब, पार्किंग, शौचालय, हाई-मास्ट लाइटिंग और सुरक्षा व्यवस्था का आधुनिकीकरण। बैली ब्रिज से आसान होगा सफर, स्थानीय कारोबार को लाभ मिलेगा। दूधिया में बने नए बैली ब्रिज के कारण मिरिक और सिलीगुड़ी के बीच आवागमन पहले की तुलना में अधिक आसान हो गया है। सरकार का मानना है कि बेहतर कनेक्टिविटी और नए पर्यटन विकास कार्यों से होटल, होम-स्टे, रेस्तरां और स्थानीय व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। पर्यटन विभाग जल्द ही इस परियोजना का विस्तृत कार्ययोजना जारी करेगा। सरकार का मानना है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने के बाद मिरिक न केवल उत्तर बंगाल बल्कि पूरे देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा। आधुनिक सुविधाओं और प्राकृतिक सौंदर्य के बेहतर संरक्षण के साथ मिरिक देश-विदेश के पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षक गंतव्य बनकर उभरेगा।

# 250 करोड़ के घोटाले में सुजीत बोस व उनके बेटे समेत कई के खिलाफ चार्जशीट



**कोलकाता, 9 जुलाई (निप्र)।** लगभग 250 करोड़ के कथित भर्ती घोटाले में सुजीत बोस अपने बेटे सहित मुश्किल में फंस गए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आज विशेष ईडी अदालत में राज्य के पूर्व मंत्री सुजीत बसु के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट में सुजीत बसु पर सीधे तौर पर 20 करोड़ रुपये की अवैध राशि आत्मसात (हड़पने) करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। ईडी ने इस आरोप पत्र में केवल सुजीत बसु ही नहीं, बल्कि उनके बेटे समुद्र बसु , दो निजी कंपनियों और एक वरिष्ठ नौकरशाह ज्योतिष्मान चटर्जी को भी आरोपी बनाया है। घोटाला होने के समय ज्योतिष्मान चटर्जी नगर विकास विभाग के डायरेक्टरेट ऑफ लोकल बॉडीज के निदेशक पद पर तैनात थे। ईडी के मुताबिक, ज्योतिष्मान ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए इस भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया और वित्तीय लाभ कमाया। एजेंसी द्वारा कोर्ट में पेश किए गए दस्तावेजों के अनुसार, इस पूरे निकाय घोटाले में करीब 250 करोड़ रुपये का भारी-भरकम लेनदेन हुआ है।

# बंगाल में एक महीने में 1000 करोड़ राजस्व संग्रह

**कोलकाता, 9 जुलाई (निप्र)।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के साथ ही प्रशासनिक और आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। राज्य की वित्तीय स्थिति को लेकर जहां पूर्ववर्ती ममता सरकार लगातार केंद्र पर सौतेले व्यवहार का आरोप लगाती थी, वहीं नई सरकार के गठन के मात्र एक महीने के भीतर बंगाल के इतिहास का एक बड़ा आर्थिक चमत्कार सामने आया है। शुभेंदु सरकार ने अपने पहले ही महीने के कार्यकाल में तय लक्ष्य से 1,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व इकट्ठा कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। आर्थिक विशेषज्ञ इस उपलब्धि को हाल के दिनों में राजस्व संग्रह के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और रिकॉर्ड-तोड़ सफलता के रूप में देख रहे हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि राज्य वही है, इंफ्रास्ट्रक्चर वही है और इसे चलाने वाले प्रशासनिक अधिकारी भी लगभग वही हैं, लेकिन इच्छाशक्ति और नीतियों के बदलते ही परिणाम पूरी तरह बदल गए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने 9 मई को पद की शपथ ली थी।





## खड़गपुर मंडल के तहत वाटर वेंडिंग मशीन और एमपीएस के अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी सूचना सं.: केजीपी/एमपीएस एंड डब्ल्यूवीएम/2026 दिनांक: 08.07.2026

राष्ट्रपति, भारत संघ के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नानुसार ई-नीलामी प्रकाशित की जाती है: ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए सांतरागाछी (4 अदद), पाँशकुड़ा (1 अदद), बालीचक (1 अदद), मेचेदा (1 अदद), खड़गपुर (2 अदद), शालीमार (7 अदद), बस्ता (1 अदद), जलेश्वर (2 अदद), दीघा (2 अदद) और सोरो (1 अदद) रेलवे स्टेशनों पर एमपीएस यूनिटों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग। **कैटलॉग सं.: केजीपी-एमपीएस-26-03, नीलामी की तिथि: 30.07.2026, नीलामी शुरू/बंद होने का समय क्रमश: 10.00 और 14.00 बजे** ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए खड़गपुर (1 अदद), बालेश्वर (2 अदद), सांतरागाछी (1 अदद), मिदनापुर (1 अदद), घाटशिला (1 अदद), झाड़ग्राम (1 अदद), जलेश्वर (1 अदद) और हिजली (1 अदद) स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन की स्थापना, रखरखाव और परिचालन के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग। **कैटलॉग सं.: केजीपी-डब्ल्यूवीएम-26-03, नीलामी की तिथि: 31.07.2026, नीलामी शुरू/बंद होने का समय क्रमश: 11.00 और 12.50 बजे,** जो **https://www.ireps.gov.in/** वेबसाइट में सूचित किए गए हैं। एजेंसी/कैटरिंग ठेकेदार इस पर ध्यान दें और ई-नीलामी सूचना के विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-451) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/624, दिनांक** 08.07.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/टीईएलई/टी/01/26-27/सीएपी, आरईवी। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** पूरे सियालदह मंडल में व्यस्त लेवल क्रॉसिंग गेटों पर सीसीटीवी का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.1,48,44,898.64, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,96,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 21.07.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 04.08.2026 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 04.08.2026 को 14.30 बजे। **विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** "फिक्स्ड/बुलेट/डोम/पीटीजेड टाइप कैमरा का इस्तेमाल करते हुए सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ से सम्मिलित कोई भी कार्य"। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे। SDAH-126/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# व्यापार

## भारतबेंज ने आठ मीटर सेगमेंट में पेश की नयी बस

**नयी दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** जर्मन कंपनी डेमलर ट्रक के पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय इकाई डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स ने गुरुवार को अंतर-शहरी परिवहन के लिए भारतबेंज टॉर्कशिफ्ट 1926 एएमटी हेवी ड्यूटी बस चेसिस और कॉम्पैक्ट-बस सेगमेंट के लिए डिजाइन की गयी आठ मीटर लंबी पूरी तरह से निर्मित बस भारतबेंज 917 का अनावरण किया। भारतबेंज टॉर्कशिफ्ट 1926 हेवी ड्यूटी बस चेसिस को अंतर-शहरी मार्गों पर, विशेष रूप से 500 किमी तक की यात्रा के लिए, डिजाइन किया गया है। कंपनी का कहना है कि इसका डिजाइन ऐसा है जो ड्राइवर की थकान को कम करता है जिससे दो ड्राइवरों की आवश्यकता कम हो जाती है।

## 50.4 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना का पहला चरण चालू

**नयी दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** देश के अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा समूहों में से एक केपी ग्रुप की कंपनी केपी एनर्जी ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी के लिए 50.4 मेगावाट क्षमता वाली पवन ऊर्जा परियोजना का पहला चरण सफलतापूर्वक विकसित कर उसे चालू कर दिया है। केपी एनर्जी की गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कमीशन की गई क्षमता में सुजलॉन द्वारा निर्मित 16 विंड टरबाइन जनरेटर शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक की स्थापित क्षमता 3.15 मेगावाट है। ये सभी टरबाइन गुजरात के कच्छ जिले के नखत्राणा स्थित वांकी साइट पर स्थापित किये गये हैं।

## इंडस्ट्री में पहली बार 'फ्लिप टॉप' पैकेजिंग

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** प्रमुख एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिज़नेस कॉरपोरेशन, धरमपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) के पॉपुलर ब्रांड 'कैच साल्ट एंड स्पाइसेज' ने अपने मटर पनीर ब्लेंडेड मसाला के लिए उद्योग में पहली बार फ्लिप-टॉप बाहरी पैकेजिंग और प्रेस लॉक सुविधा पेश की है। कंपनी ने इस नई पैकेजिंग को एक नए टेलीविजन विज्ञापन (टीवीसी) के जरिए लॉन्च किया है। ब्रांड की फिलॉसफी क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता पर आधारित इस फिल्म की कहानी एक महिलाओं की किटी पार्टी पर सेट है, जहां अक्षय कुमार अलग-अलग डिशेज सर्व करते नजर आते हैं। डीएस ग्रुप के कैच साल्ट एंड स्पाइसेज, सीनियर जनरल मैनेजर (मार्केटिंग) अर्नब घटक चौधरी ने कहा, डीएस ग्रुप में हमारा फोकस हमेशा से ही कंज्यूमर की सुविधा और इनोवेशन पर रहा है। डेंट्सु क्रिएटिव वेबचटनी के सीईओ और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, सुरजो दत्त ने कहा, क्रिएटिव नजरिए से हमारा मकसद कैच के इस नए प्रोडक्ट इनोवेशन को एक बेहद सिंपल, यादगार और एंटरटेनिंग तरीके से पेश करना था। नया फ्लिप टॉप पैक और प्रेस लॉक पाउच मसालों को फ्रेश रखने के लिए ही बनाया गया है, और हम इस बात को एक मजेदार कहानी के जरिए लोगों तक पहुंचाना चाहते थे।

## चॉइस इंटरनेशनल का एनएचआईएस के साथ करार

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** भारत के प्रमुख डाइवर्सिफाइड फाइनेंशियल सर्विसेज़ ग्रुप में से एक, चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड (चॉइस) ने आज एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज कंपनी लिमिटेड (एनएचआईएस) के साथ एक स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा की। एनएचआईएस दक्षिण कोरिया का एक प्रमुख फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन है और एनएच फाइनेंसियल ग्रुप की सब्सिडियरी है। यह पार्टनरशिप चॉइस की ब्रोकिंग और वेल्थ मैनेजमेंट शाखा, चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड में 9000 मिलियन के निवेश के ज़रिए की गई है। यह स्ट्रैटेजिक निवेश चॉइस की ग्रोथ यात्रा में एक अहम पड़ाव है और यह दक्षिण कोरिया के प्रमुख फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज का चॉइस के उस विज़न में भरोसा दिखाता है, जिसके तहत भारत में अगली पीढ़ी का फाइनेंशियल सर्विसेज़ प्लेटफ़ॉर्म बनाया जा रहा है। इस डेवलपमेंट पर बात करते हुए, चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, श्री अरुण पोद्दार ने कहा, यह इन्वेस्टमेंट हमारी ग्रोथ की यात्रा में एक अहम पड़ाव है और यह हमारे विज़न, बिज़नेस मॉडल और लंबे समय की क्षमता पर एक प्रमुख ग्लोबल फाइनेंशियल संस्थान के भरोसे को दिखाता है।

## टीटीके प्रेस्टीज का स्टेलोरा स्टेनलेस स्टील गैस स्टोव रेंज

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** घरेलू एवं रसोई उपकरणों के क्षेत्र में भारत की सबसे भरोसेमंद कंपनी, टीटीके प्रेस्टीज ने स्टेलोरा स्टेनलेस स्टील गैस स्टोव रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नया गैस स्टोव शानदार लुक, रोजमर्रा की सुविधा और बेहतरीन कुकिंग परफॉर्मेंस का एक बढ़िया मिश्रण है। यह उन लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जो अपनी रसोई के काउंटरटॉप को खूबसूरत बनाने के साथ ही एकदम साफ, सुव्यवस्थित और फैलावरहित रखना पसंद करते हैं। विभिन्न परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, प्रेस्टीज स्टेलोरा रेंज 3-बर्नर और 4-बर्नर दोनों विकल्पों में उपलब्ध है। उपभोक्ता अपनी रसोई की जगह और खाना पकाने की जरूरत के हिसाब से सही मॉडल चुन सकते हैं। इसके बर्नर्स के बीच दी गई पर्याप्त जगह एक साथ कई चीजें पकाना आसान बनाती है, जिससे रोजमर्रा का खाना बनाना और भी फुर्तीला हो जाता है।

# देश को सौर वर्ल्ड लीडर बनाने पर जोर



**नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** भारत में करीब-करीब 300 दिनों तक सूर्य भरपूर रोशनी देता है। यह रोशनी ऊर्जा के रूप में इतनी रहती है कि सौर पैनल काम कर सकें। सोलर पैनल ऐसे होते हैं, जो सूर्य की एनर्जी को बिजली में बदलते हैं। हालांकि, रातों के दौरान या मानसून सीजन में सोलर पैनल बिजली नहीं बना पाते हैं। मगर, कुछ ऐसे भी तरीके हैं, जो रात को भी और मानसूनी बारिश के दौरान भी सोलर पैनल बिजली पैदा कर पाते हैं। सौर ऊर्जा पैदा करने के मामले में भारत पूरी दुनिया में अग्रणी देशों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां भी दौरा कर रहे हैं, वहां भारत क्लीन एनर्जी, ग्रीन एनर्जी और विंड एनर्जी को लेकर समझौते कर रहा है। मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी पीएम मोदी ने सोलर एनर्जी पर जोर दिया है। बारिश में सोलर पैनल के काम करने के लिए बैटरी स्टोरेज सिस्टम का इस्तेमाल करना होता है। यह बैटरी स्टोरेज सिस्टम दिन में सोलर पैनल से पैदा की गई बिजली को स्टोर करके रख लेता है। यह रात में या मानूसन के दौरान बिजली रिलीज करता है। बैटरी स्टोरेज सिसटम में लीथियम ऑयन बैटरियों का इस्तेमाल होता है। यह इतनी बिजली स्टोर कर सकता है कि बारिश के दिनों में या रात को आपके घर या ऑफिस को कई घंटों तक के लिए बिजली दे सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सौलर एनर्जी, ग्रीन एनर्जी और क्लीन एनर्जी को लेकर बात की है। एएनआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-'हम भारत में हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, ग्रीन हाइड्रोजन, सोलर मॉड्यूल और विंड टर्बाइन के लिए मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम बना रहे हैं। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता हासिल करने और 2070 तक नेट जीरो एमिशन तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। हमने 2047 तक 100 गीगावाट न्यूक्लियर एनर्जी क्षमता का लक्ष्य रखा है।' बारिश या रात में बिजली पाने का दूसरा तरीका यह है कि हाइब्रिड सोलर सिस्टम का इस्तेमाल किया जाए। हाइब्रिड सोलर सिस्टम में सोलर पैनल के साथ-साथ एनर्जी पैदा करने वाले दूसरे सिस्टम भी होते हैं, जैसे कि विंड एनर्जी या हाइड्रो पावर। इससे लगातार बिजली मिलती रहती है। हाइब्रिड सोलर सिस्टम वैसे तो परंपरागत सोलर सिस्टम से काफी महंगे पड़ते हैं, मगर ये कम धूप वाले समय में भी बिजली का एक भरोसेमंद स्रोत प्रदान कर सकते हैं। आखिर में, सोलर पैनल रात में या मॉनसून के दौरान काम नहीं करते क्योंकि उन्हें बिजली बनाने के लिए सूरज की रोशनी की ज़रूरत होती है।

# शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी देखी गयी। बीएसई का सेंसेक्स 238.22 अंक (0.31 प्रतिशत) चढ़कर 76,741.82 अंक पर पहुंच गया। सूचकांक पूरे दिन हरे निशान में रहा और दोपहर से पहले 823 अंक चढ़ गया था। हालांकि अंत तक यह उतनी बढ़त बरकरार नहीं रख सका। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 80.75 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,962.80 अंक पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर बाजार में बड़ी गिरावट देखी गयी थी। दोनों प्रमुख सूचकांक दो प्रतिशत से ज्यादा टूट गये थे। एशियाई और यूरोपीय बाजारों में आज मिलाजुला रुख रहा। घरेलू स्तर पर वृहत बाजार में लिवाली ज्यादा रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.80 प्रतिशत ऊपर रहा।




**सेंसेक्स**
76,741.82
+238.22

ऑटो और आईटी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, रियल्टी, बैंकिंग, वित्त, रियल्टी, फार्मा और मीडिया समूहों की कंपनियों में अच्छी लिवाली रही। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा का शेयर ढाई फीसदी और भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व तथा इंडिगो के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत तक की बढ़त में रहे। एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस, मारुति सुजुकी और एनटीपीसी के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूट गये। एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, टाइटन, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, बीईएल और टेक महिंद्रा के शेयर भी गिरावट में रहे।

## एल्युमिनियम विनिर्माताओं की अपील

**नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** देश में एल्युमिनियम उद्योग के शीर्ष निकाय एल्युमिनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने देश को आयातित निम्न गुणवत्ता वाले एल्युमिनियम स्क्रैप का गोदाम बनने से रोके जाने के लिए तत्काल नीतिगत कदम उठाने और घटिया स्क्रैप के आयात पर शुल्क बढ़ने की मांग की है। संगठन का कहना है कि एल्युमिनियम जैसे महत्वपूर्ण उद्योग को विदेशों से घटिया माल की डंपिंग के आगे असुरक्षित छोड़ना ठीक नहीं होगा। वित्त मंत्रालय और खान मंत्रालय को प्रस्तुत ज्ञापन में एएआई ने ऐसा संतुलित समाधान अपनाने की मांग की है, जिससे वास्तविक और गुणवत्तापूर्ण रीसाइक्लिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिले, साथ ही निम्न गुणवत्ता वाले एल्युमिनियम स्क्रैप की डंपिंग पर भी रोक लगाई जा सके। एएआई ने इसके लिए तत्काल राजकोषीय कदम उठाने की अपील करते हुए कहा है कि एल्युमिनियम स्क्रैप पर 2.5% की दर से मूल सीमाशुल्क तब तक जारी रखी जाए।

## कोलकाता में आवासीय मांग स्थिर

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** नाइट फ्रैंक इंडिया ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट इंडिया रियल एस्टेट: रेजिडेंशियल एंड ऑफिस (जनवरी-जून 2026) का 2026 में कहा कि नई परियोजनाओं की सीमित रफ्तार के बावजूद 2026 की पहली छमाही में कोलकाता का आवासीय बाजार स्थिर बना रहा। आवासीय बिक्री 3% वार्षिक आधार पर बढ़कर 8,368 यूनिट रही, जबकि आवासीय लॉन्च 5% वार्षिक आधार पर घटकर 7,316 यूनिट रह गए, क्योंकि डेवलपर्स ने नई आपूर्ति को लेकर अनुशासित रुख अपनाया। लॉन्च में आई इस नरमी की एक वजह राज्य में चुनाव की अवधि के दौरान परियोजना घोषणाओं में आई अस्थायी सुस्ती भी रही। कोलकाता के अपेक्षाकृत किफायती आवासीय बाजार, बेहतर होती कनेक्टिविटी और विस्तारित होते इन्फ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क के चलते मांग को समर्थन मिलता रहा। आवासीय कीमतों में 5% वार्षिक आधार पर बढ़कर 5,942 प्रति वर्ग फुट हो गईं, जबकि अविक्रित इन्वेंटरी 9% वार्षिक आधार पर घटकर अब तक के सबसे निचले दर्ज स्तर 18,578 यूनिट। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 2025 में एक दशक के सबसे मजबूत वार्षिक प्रदर्शन के बाद, कोलकाता के कार्यालय बाजार में लीजिंग गतिविधि में नरमी देखी गई। का 2026 में कार्यालय लेनदेन 0.8 मिलियन वर्ग फुट रहे, जो वार्षिक आधार पर 26% की गिरावट दर्शाते हैं, जिसकी वजह पिछले वर्ष जैसे बड़े लेनदेन का अभाव और विस्तार को लेकर ऑक्यूपायर्स का सतर्क रुख है। कम लीजिंग वॉल्यूम के बावजूद, प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में मांग स्वस्थ बनी रही, रिक्तता (वेकेंसी) घटकर 27.5% के अपने सबसे निचले दर्ज स्तर पर आ गई, जबकि औसत कार्यालय किराए में 15% वार्षिक आधार पर वृद्धि हुई, जिसकी वजह ग्रेड ए कार्यालय स्थानों की निरंतर मांग और प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में सीमित उपलब्धता है। जॉयदीप पॉल, सीनियर डायरेक्टर- ऑक्युपायर स्ट्रैटेजी एंड सॉल्यूशंस, नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा, 2025 में असाधारण लीजिंग गतिविधि के बाद, 2026 की पहली छमाही के दौरान कोलकाता का कार्यालय बाजार सुदृढ़ीकरण के एक स्वस्थ दौर से गुजरा।

## सुचिता टोयोटा शुरू

**गुवाहाटी, 9 जुलाई (वि.प्र.)।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज गुवाहाटी में अपनी नई डीलरशिप 'सुचिता टोयोटा' शुरू करने की घोषणा की, जिससे असम राज्य में उसकी रिटेल मौजूदगी और बढ़ गई है। यह नई डीलरशिप ग्राहकों की पहुंच बढ़ाने, ग्राहकों का भरोसा मजबूत करने और इस क्षेत्र की बदलती मोबिलिटी जरूरतों और आकांक्षाओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने की कंपनी की लगातार कोशिशों में एक अहम कदम है। इस नई सुविधा का उद्घाटन टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज़्ड कार (ईस्ट रीजन) के वाइस प्रेसिडेंट श्री सचिन शर्मा और सुचिता टोयोटा के डीलर प्रिंसिपल श्री रघुपति भुवालका ने किया। गुवाहाटी के मालीगांव में स्थित यह नई सुविधा 19,000 वर्ग फुट में फैली है और यहां 3S (सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स) की पूरी सुविधाएं मिलती हैं। अच्छी तरह से प्रशिक्षित टीम के साथ, यह डीलरशिप टोयोटा के ग्लोबल स्टैंडर्ड्स के मुताबिक ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए तैयार है।

## पेंशन प्रभाग शिकायत निवारण मामले में द्वितीय

**नयी दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** वित्तीय सेवा विभाग के बैंकिंग और बीमा प्रभागों को मई में शिकायतों के निवारण के मामले में समूह ए में क्रमशः दूसरा और छठा स्थान प्राप्त हुआ। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वित्तीय सेवा विभाग को प्रतिवर्ष 2.50 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त होती हैं और नवंबर 2025 से यह विभाग लगातार शिकायत निवारण मूल्यांकन एवं सूचकांक रैंकिंग में शीर्ष 10 मंत्रालयों/विभागों में शामिल रहा है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा जारी मई 2026 की जीआरएआई रैंकिंग में बीमा प्रभाग ने ग्रुप ए श्रेणी (जहां 500 या उससे अधिक शिकायतें दर्ज होती हैं) में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि बैंकिंग प्रभाग इसी श्रेणी में छठे स्थान पर रहा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शिकायत निवारण के मामले में सुधार के लिए सात जनवरी 2024 से वित्तीय सेवा विभाग के सचिव स्वयं आकस्मिक रूप से 20-20 शिकायतों में कृत का की समीक्षा करते रहे हैं।

# खबरें पास-पड़ोस की

## बंगाल संस्कृति-बौद्धिक विरासत का प्रमुख केंद्र



**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** पश्चिम बंगाल में पहली बार संस्कृति, अध्यात्म और अर्थव्यवस्था को एक साझा मंच पर लाने की दिशा में मैत्री कल्चरल इकोनॉमी समिति वेस्ट बंगाल समिट का आयोजन 17 जुलाई को कोलकाता में किया जाएगा। इससे पूर्व आयोजित कर्टेन रेज़र एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों ने इस पहल के उद्देश्य, दृष्टिकोण और भावी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने अपने संबोधन में कहा पश्चिम बंगाल भारत की सभ्यता, संस्कृति और बौद्धिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। संस्कृति केवल हमारे गौरवशाली अतीत का प्रतिबिंब नहीं, बल्कि हमारे भविष्य को दिशा देने वाली एक जीवंत शक्ति है। मैत्री कल्चरल इकोनॉमी समिति द्वारा संस्कृति, अध्यात्म, शिक्षा, विज्ञान, उद्योग और उद्यमिता को एक मंच पर लाने का यह प्रयास भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। एमसीईएस के संरक्षक एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता (आर्थिक मामलों) गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आर्थिक विकास से जोड़ते हुए उसे सार्वजनिक नीतियों और सुशासन का अभिन्न हिस्सा बनाना है।

## आवास बिक्री में सालाना 5% की वृद्धि

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** भारत के प्रमुख आवास बाजारों में व्यापक मंदी के बावजूद, कोलकाता का आवासीय रियल एस्टेट बाजार लचीलापन दिखाना जारी रखे हुए है, जिसने 2026 की पहली तिमाही के दौरान आवास बिक्री में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। तिमाही के दौरान 4,043 आवासीय इकाइयों की बिक्री और देश के सबसे किफायती आवास बाजारों में शहर की लगातार मजबूत स्थिति के साथ, पहली बार घर खरीदने वालों और मध्यम आय वाले परिवारों की मांग मजबूत बनी हुई है। केवल 22 प्रतिशत के ईएमआई-टू-इनकम अनुपात द्वारा समर्थित कोलकाता की यह किफायत, आवास वित्त की अधिक मांग पैदा करने के साथ-साथ घर के मालिकाना हक को प्रोत्साहित कर रही है। चूँकि घर खरीदने की इच्छा लगातार बढ़ रही है।

## कांग्रेस ने बरुईपुर की मृतका को दी श्रद्धांजलि




**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** प्रदेश किसान कांग्रेस के चेयरमैन तपन दास के निर्देश पर बड़ाबाजार जिला किसान कांग्रेस चेयरमैन बीरेन्द्र खरवार के नेतृत्व में वार्ड नंबर 42 के आर्मेनियम स्ट्रीट झगड़ा कोठी के सामने जस्टिस फॉर बरईपुर के मर्मांतिक घटना के विरोध में मोमबती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया इसमें उपस्थित रहे पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दीपक सिंह, पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विकाश यादव, प्रेम नाथ दुबे वरिष्ठ कांग्रेस नेता, विनोद मिश्रा कांग्रेस नेता, मो सिकंदर चेयरमैन वार्ड 42 किसान कांग्रेस, मो असलम नेता किसान कांग्रेस वार्ड 42, मुकेश दास, कलाम सोलंकी किसान कांग्रेस वार्ड 42 उपस्थित रहे। पश्चिम बंगाल में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के विरोध में एक बृहत्तर आंदोलन बड़ाबाजार जिला किसान कांग्रेस के नेतृत्व में करने का नेतृत्व किया गया।

## मिथिला विकास परिषद का सीएम को पत्र

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** मिथिला विकास परिषद के अध्यक्ष अशोक झा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री श्री शुभेंदु अधिकारी को पत्र लिखकर कोलकाता की कुछ सड़कों का नामकरण कविपति विद्यापति एवं हिन्दी, मैथिली और बांग्ला साहित्य के अप्रतिम यायावर कवि यात्री नागार्जुन के नाम पर किए जाने की मांग की है। झा ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे पत्र में कहा कि बंगाल और मिथिला का सांस्कृतिक रिश्ता सदियों पुराना है। कविपति विद्यापति की रचनाओं ने न केवल मैथिली बल्कि बांग्ला साहित्य, कीर्तन और सांस्कृतिक परंपरा को भी गहराई से प्रभावित किया है। चैतन्य महाप्रभु से लेकर रवींद्रनाथ ठाकुर तक ने विद्यापति के पदों को आत्मसात किया। ऐसे में कोलकाता में विद्यापति के नाम पर एक मार्ग होना मिथिला-बंगाल के सांस्कृतिक सेतु का प्रतीक बनेगा।

## दिल की सेहत पर संकट

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** दिल की बीमारी और हाइपरटेंशन भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे) -5 (2021) के अनुसार, भारत में लगभग हर 5 में से 1 वयस्क (एडल्ट) (21.3%) हाइपरटेंशन से पीड़ित है। 60 साल तथा इससे अधिक उम्र के लोगों में यह आंकड़ा लगभग 48% तक पहुंच जाता है और इससे स्पष्ट है कि भारत में इन परेशानियों के जल्द पहचान और बचाव की ज़रूरत है। हाई ब्लड प्रेशर को अक्सर खामोश (साइलेंट) बीमारी माना जाता है क्योंकि इसके लक्षण आसानी से नज़र नहीं देते, लेकिन इससे धीरे-धीरे दिल तथा ब्लड वेसल को नुकसान पहुंचता है। इस बढ़ते संकट की मुख्य वजह है, सोडियम का अत्यधिक सेवन। विश्व स्वास्थ्य संगठन (वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन - डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि दुनिया भर में हर साल लगभग 18.9 लाख लोगों की मौत सोडियम के अधिक सेवन की वजह से होती हैं।

## कोल इंडिया-एनआरएससी का समझौता



**कोलकाता/हैदराबाद, 9 जुलाई (वि.प्र.)।** कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) और नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (NRSC), इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइज़ेशन (ISRO), डिपार्टमेंट ऑफ़ स्पेस, भारत सरकार ने आज एक चेण पर साइन किए। इसका मकसद कोल इंडिया लिमिटेड में माइनिंग गतिविधियों की मॉनिटरिंग और विज़ुअलाइज़ेशन में मदद के लिए एक सैटेलाइट-आधारित जियोस्पेशियल डैशबोर्ड विकसित करना है। यह MoU हैदराबाद में NRSC के डायरेक्टर कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन साइन किया गया, जिसमें CIL की टीम ने कोलकाता में CIL के डायरेक्टर (टेक्निकल) के ऑफिस से वर्चुअली हिस्सा लिया। यह सहयोग बेहतर मॉनिटरिंग और निर्णय लेने में मदद के लिए 'भुवन' जियोस्पेशियल प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करने की कोयला मंत्रालय की पहल पर आधारित है।

## एकीकृत खेल एवं हाइड्रोथेरेपी सुविधाओं की शुरुआत

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** शिक्षा, थेरेपी एवं देखभाल के माध्यम से विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों और व्यक्तियों के समय विकास हेतु समर्पित कोलकाता के अग्रणी केंद्र डॉ. नीता दीवान द्वारा स्थापित 'उन्मिष' ने न्यूअलीपुर स्थित अपने विस्तारित पांच मंजिला केंद्र का उद्घाटन कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर समर्पित हाइड्रोथेरेपी एवं खेल कार्यक्रमों का भी शुभारंभ किया गया, जो विविध विकासात्मक आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों को व्यापक एवं समग्र सहयोग प्रदान करने की संस्था की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। समारोह की शुरुआत 'उन्मिष' की संस्थापक एवं निदेशक डॉ. नीता दीवान तथा 'उन्मिष' के प्रेरणास्रोत निकुंज दीवान द्वारा स्मारक शिलापट्ट के अनावरण से हुई। इस केंद्र का उद्घाटन स्पेशल ओलंपिक्स भारत (दिल्ली) की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री सज्जन भजनका, अध्यक्ष सेंचुरी प्लाईबोर्ड्स श्रीमती गीता मंडाविया, मुख्य संरक्षक/अध्यक्ष गुजरात चैप्टर, स्पेशल ओलंपिक्स भारत (दिल्ली) तथा सुशील कुमार गोयनका, प्रबंध निदेशक, इमामी लिमिटेड की गरिमामयी उपस्थित रही।

## संयम का अर्थ है आत्म-नियंत्रण: मुनिश्री



**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** प्रखर प्रवचनकार मुनि रविन्द्र विजय जी म.सा. एवं सेवाभावी मुनि महेंद्र विजय जी म. सा. आदि ठाणा श्री त्रिभुवन जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के निवेदन पर लोद्रवा पार्श्वनाथ जैन मन्दिर पधारे। मुनि रविन्द्र विजय जी ने अपने प्रवचन में संयमित जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए कहा संयम का अर्थ है आत्म-नियंत्रण। संयमित जीवन जीने से मानसिक शांति मिलती है। संयमी वह व्यक्ति है जो अपनी इंद्रियों (मन, वाणी और कर्म) पर नियंत्रण रखता है। कर्म निर्जरा के साधक के जीवन में महत्व पर कहा कर्म, आत्मा पर जमी हुई धूल के समान होते हैं। जैसे सोने को आग में तपाने से उसकी चमक लौट आती है, वैसे ही निर्जरा से आत्मा के वास्तविक गुण - ज्ञान और अनंत सुख चमक उठते हैं। मन्दिर में पूजा, प्रवचन एवं धार्मिक कार्यक्रमों में समाजसेवी कमल सिंह रामपुरिया, माणक चन्द सेठिया, मोहनलाल कोचर, चन्द्र बांठिया, मिलापचंद जैन, संजय शाह, संजय रामपुरिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए । संचालन विनीत रामपुरिया ने किया।

## अगरतला स्पेशल एक्सप्रेस में एलएचबी रेक

**मालीगांव, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** यात्रियों के आराम, सुरक्षा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, भारतीय रेल द्वारा ट्रेन संख्या 01665/01666 (रानी कमलापति - अगरतला - रानी कमलापति) स्पेशल एक्सप्रेस को मौजूदा पारंपरिक आईसीएफ कोच की जगह आधुनिक ड्क्ह कोच से अपग्रेड किया जा रहा है। ट्रेन संख्या 01665 (रानी कमलापति - अगरतला) स्पेशल एक्सप्रेस 9 जुलाई, 2026 से नए एलएचबी रेक के साथ रानी कमलापति से रवाना होगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 01666 (अगरतला - रानी कमलापति) स्पेशल एक्सप्रेस 12 जुलाई, 2026 से नए एलएचबी रेक के साथ अगरतला से अपनी यात्रा शुरू करेगी।

## बिड़ला एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर में प्रदर्शनी

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** राजकोट के एक प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र में स्थित द्विजा गैलरी, जिसे द्विजा कंजर्वेशन सोसाइटी ऑफ आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज संचालित करता है, 'स्ट्रेंजर फॉर्म्स: द फॉरगॉटेन आर्ट जी.सी. चक्रवर्ती प्रदर्शनी प्रस्तुत किया। यह अनूठे लेकिन उपेक्षित कलाकार गोपेश चक्रवर्ती की पहली बड़ी प्रदर्शनी है। यह प्रदर्शनी बंगाल मॉडर्निजम और 20वीं सदी की भारतीय कला में उनके योगदान का लंबे समय से प्रतीक्षित पुनर्मूल्यांकन पेश करती है। कोलकाता के बिड़ला एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर में आयोजित इस प्रदर्शनी में कलाकृतियों के एक बड़े संग्रह को एक साथ लाया गया। द्विजा गैलरी के मीत व्यास कहते हैं, 'स्ट्रेंजर फॉर्म्स' केवल एक ऐतिहासिक खोज से कहीं बढ़कर, एक ऐसे कलाकार को फिर से सामने लाता है, जिसका महत्व भारतीय आधुनिकतावाद के स्थापित आख्यानों से कहीं आगे है। अपने जीवनकाल के दौरान चक्रवर्ती ने जैमिनी रॉय, गोपाल घोष और डी.पी. रॉय चौधरी जैसे उल्लेखनीय समकालीनों के साथ अपनी कलाकृतियों की प्रदर्शनियां लगाईं। फिर भी उनकी विरासत धीरे-धीरे जनमानस की स्मृति से ओझल होती गई।

## धर्म, संस्कृति, देशभक्ति को समर्पित



**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** धर्म और संस्कृति का मार्ग यदि लेखनी को मिल जाये तो ऐसा प्रतीत होता है कि जीवन में सब कुछ मिल गया। कुछ ऐसा ही अनुभव है लेखक शायर राजा जैन का मन में देश भक्ति का भाव ह्रदय में सनातनी होने का गर्व और हाथों में कलम जो नित्य कुछ नया करने को बेताब हैं। यह सोच है अपने धर्म अपने संस्कारों को पटल पर लाने की जो देश प्रेम में ओत प्रोत हो ना जाने कितने पन्ने लिखे गये ना जाने कितनी लाइनें जो कभी जज्बातों का आईना दिखाती रहीं तो कभी ब्रेक अप के बाद का पाठ पढ़ाती रहीं पर कहती रही तुम रूकना मत लिखते रहना और तब तक लिखना जब तक देश तुम्हें ना जान जाये..एक कवि के रूप में एक शायर के रूप में एक लेखक के रूप में राजा जैन अपनी जगह बनाते जा रहे। देश की बड़े बड़े कार्यक्रमों में हम हमेशा इनको सुनते रहते हैं और राजा हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं। राजा जैन का सनातनी भाव ह्रदय में इतना जीवंत है कि आने वाले समय में वह अपनी लेखनी को एक अलग रूप देना चाहते हैं। राजा का कहना है देश प्रेम और धर्म के प्रति सम्मान सभी का होना चाहिए। यदि हम सनातनी है तो इस पर मुझे गर्व है।

## 11 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**हाजीपुर, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के मद्देनजर चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । अब इनका परिचालन उनके सामने अंकित तिथि तक किया जाएगा - गाड़ी संख्या 01449 पुणे-दानापुर स्पेशल - 28.09.26 तक प्रतिदिन। गाड़ी संख्या 01450 दानापुर-पुणे स्पेशल - 30.09.26 तक प्रतिदिन। गाड़ी संख्या 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल - 31.07.26 तक प्रतिदिन। गाड़ी संख्या 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन स्पेशल - 01.08.26 तक प्रतिदिन। गाड़ी संख्या 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल - 31.07.26 तक प्रतिदिन। गाड़ी संख्या 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन स्पेशल - 01.08.26 तक प्रतिदिन।

## जीवन का अधूरापन और उसका समाधान



**कोलकाता, 9 जुलाई।** सबसे बड़ी चीज है कि आपको आपके जीवन में कुछ सुकून मिल सके, कुछ शांति मिल सके, कुछ सोचने के लिए मिल सके। क्योंकि हम मनुष्यों के लिए यह बहुत जरूरी है कि जो बाधाएं हमारे जीवन में आती हैं उनका किसी न किसी रूप में हम सामना कर सकें। जब हम रामायण को सुनते हैं या महाभारत के किस्से सुनते हैं, तो उसमें कितने ही ज़िक्र हैं इन बातों के कि कितनी बाधाएं आयीं और उन बाधाओं के आने के बावजूद भी किसी न किसी तरीके से उनका सामना करना पड़ा। और जिन्होंने उनका सामना किया, जो विजेता हुए, तो उन्होंने अपने जीवन में उस सुकून को महसूस किया, उस शांति को महसूस किया, उस आनंद को महसूस किया। प्रेम रावत कहते हैं कि अब बात यह है कि हमारे जीवन में यदि थोड़ा-सा भी कोई दुख-दर्द आता है, तो हम अपना धीरज खो बैठते हैं, अपना सुकून खो बैठते हैं। हमको लगता है कि पता नहीं, हमारे साथ क्या होगा। जो मनुष्य के अंदर शक्ति होनी चाहिए, जो ताकत होनी चाहिए जिससे किसी भी चीज का सामना कर सके, तो वह फिर उससे हो नहीं पाता है।



• दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली सरकारी स्कूल में 'सक्षम योजना' की शुरुआत करती हुईं।



• जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला श्रीनगर के सस्टेनेबल टूरिज्म प्लानिंग: डिजाइनिंग टूरिज्म फॉर टुमारो पर आयोजित सम्मेलन में बोलते हुए।

# विश्व समाचार

## अमेरिकी हमलों की दूसरी रात के बाद ईरानी नेतृत्व ने ट्रंप को चेताया



**तेहरान, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** अमेरिका और ईरान के बीच लगातार दूसरी रात हमलों के आदान-प्रदान के बाद ईरानी नेतृत्व ने अमेरिकी प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य अभियान का दायरा होर्मुज जलडमरूमध्य से आगे बढ़ाते हुए ईरान के रणनीतिक बंदरगाह शहर चाबहार तक कर दिया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा कि उसने नवीनतम अमेरिकी हमलों के जवाब में बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी प्रतिष्ठानों और अवसंरचनाओं पर संयुक्त मिसाइल एवं ड्रोन हमले किये हैं। आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका ने हमले जारी रखे तो क्षेत्र में अन्य अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया जाएगा। ईरानी संसद के अध्यक्ष एवं देश के प्रभावशाली नेताओं में शामिल मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा, अगर आप हमला करेंगे, तो आपको भी जवाबी हमला झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अब तक यह नहीं सीखा है कि धौंस और वादाखिलाफी की अब कीमत चुकानी पड़ती है।

## ईरान ट्रंप की अपमानजनक भाषा का जवाब अपने कार्यों से देगा: अराघची



**तेहरान, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा है कि ईरानी लोग इसका जवाब उसी भाषा में नहीं, बल्कि अपने कार्यों से देंगे। श्री अराघची ने बुधवार शाम सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में तुर्की में आयोजित नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान श्री ट्रंप की ओर से ईरान को लेकर की गयी टिप्पणियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, ईरान के सभ्य और साहसी राष्ट्र को अपमानजनक भाषा में संबोधित करने से उसकी महानता कम नहीं होती। उन्होंने कहा, ईरानी अपनी सभ्यता, संस्कृति और मजबूत नैतिक मूल्यों के लिए जाने जाते हैं। हम अभद्रता का जवाब अभद्रता से नहीं, बल्कि अपने कार्यों से देते हैं। निर्भय होकर और अदम्य साहस के साथ।

## अमेरिका ने सीरिया को आतंकवाद प्रायोजक देशों की सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की



**वाशिंगटन, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** अमेरिका ने सीरिया को 'आतंकवाद प्रायोजक देश' की सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और ट्रंप प्रशासन ने इस संबंध में अपने इरादे की जानकारी कांग्रेस को दे दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार (स्थानीय समय) को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस कदम के साथ कांग्रेस की 45 दिन की समीक्षा अवधि शुरू हो गयी है। विदेश विभाग के अनुसार, सूची से हटाए जाने पर सीरिया में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश बढ़ने का रास्ता खुल सकता है। श्री रुबियो ने कहा कि यह निर्णय सीरिया को पुनर्निर्माण और एक नया अध्याय शुरू करने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि अपने पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध रखने वाला एक स्थिर और एकीकृत सीरिया पूरे क्षेत्र और विश्व के हित में होगा। यह निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 30 जून 2025 के उस कार्यकारी आदेश के बाद आया है, जिसमें सीरिया पर लगे प्रतिबंधों की समीक्षा का निर्देश दिया गया था। विदेश विभाग ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा की सरकार द्वारा किए गए सकारात्मक बदलावों और आतंकवाद विरोधी उपायों को भी इस फैसले का आधार बताया है।

## अमेरिका, जापान, द. कोरिया में रणनीतिक सहयोग

**अंकारा, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अंकारा में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ त्रिपक्षीय बैठक की। इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और स्थिरता के लिए तीनों देशों के बीच गहरे सहयोग की पुनः पुष्टि की गयी। तीनों मंत्रियों ने इस बात पर बल दिया कि अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के बीच मज़बूत सहयोग से साझा आर्थिक समृद्धि में योगदान तथा खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। तीनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत सहयोगियों के साथ माटो के सहयोग के महत्व पर बल दिया। इसमें रक्षा खर्च एवं उत्पादन, ऊर्जा सुरक्षा, साइबर और हाइब्रिड खतरों का मुकाबला करने और यूरो-अटलांटिक व हिंद-प्रशांत दोनों क्षेत्रों में सुरक्षा चुनौतियों पर जानकारी साझा करने जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बैठक के दौरान, श्री रुबियो, श्री मोटेगी और श्री चो ने नागरिक परमाणु ऊर्जा पर सहयोग के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये। इसका उद्देश्य तीसरे देशों में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के इस्तेमाल को तेज़ी से बढ़ाना और अमेरिका से ऊर्जा आयात में विविधता लाने में मदद करना है।

## इटली ने कथित जासूसी मामले में दो रूसी सैन्य अधिकारियों को देश छोड़ने का आदेश दिया

**रोम, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** इटली ने एक कथित जासूसी मामले में संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद रोम में रूसी दूतावास के दो फौजी अधिकारियों को देश से बाहर करने का फैसला किया है। इटली के विदेश मंत्री और उप-प्रधानमंत्री एंटोनियो तायानी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्री तायानी ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि सरकार ने रूसी दूतावास से दो सैन्य अताशे को निष्कासित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इन राजनयिकों को तीन दिनों के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। यह कदम रूस के हितों में काम करने के आरोप में गत सात जून को दो इतालवी नागरिकों को गिरफ्तारी के बाद उठाया गया है। इस मामले की जांच के दायरे में चार सेवारत सैन्य कर्मी शामिल हैं और इसका मुख्य संदिग्ध कथित तौर पर सेवानिवृत्त खुफिया अधिकारी हैं। इटली की अंसा समाचार एजेंसी ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि मुख्य संदिग्ध इटली की खुफिया सेवाओं का एक 59 वर्षीय पूर्व सदस्य और एक पूर्व गैर-कमीशन अधिकारी है।

## अभिषेक के खिलाफ भाजपा विधायक का बयान दर्ज

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** डीजे विवाद मामले में तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। इस बार गोसाबा से भाजपा विधायक विकर्ण नस्कर का बयान गवाह के तौर पर दर्ज किया गया है। आरोप है कि अभिषेक की टिप्पणियों के कारण विकर्ण पर हमला हुआ था। इस संबंध में पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई गई है। इसी को देखते हुए विधायक को गुरुवार को भवानी भवन स्थित सीआईडी कार्यालय बुलाया गया। वे आज दोपहर करीब 12 बजे भवानी भवन पहुंचे और अपना बयान दर्ज कराया। चुनाव से पहले अभिषेक ने 'डीजे बजाने' के बारे में टिप्पणी की थी। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। सीआईडी ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। आरोप है कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद गोसाबा से भाजपा विधायक पर हमला किया गया। विकर्ण ने कहा कि अभिषेक की डीजे वाली टिप्पणी के कारण उन पर हमला हुआ। विधायक को आज दोपहर 12 बजे भवानी भवन में इस संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। विधायक ने कहा, 4 मई, 2026 की शाम को, विजय जुलूस से लौटते समय, तृणमूल कांग्रेस के परेशराम दास और राजा गाजी के नेतृत्व में गुंडों के एक गिरोह ने कैनिंग में मुझ पर और हमारे कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला किया। ईंटें फेंकी गईं। यह हमला अभिषेक की डीजे टिप्पणी के कारण हुआ। मैं आज इस संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए भवानी भवन आया हूं। गौरतलब है कि बिधाननगर अदालत ने डीजे मामले में अभिषेक को आवाज का नमूना देने का आदेश दिया था। लेकिन वह लगातार दो दिन नमूना देने नहीं आए। उन्हें तीसरी बार 18 जुलाई को आवाज का नमूना देने के लिए बुलाया गया है। इस बार अभिषेक की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। हमले की घटना में भाजपा विधायक का बयान गवाह के तौर पर दर्ज किया गया है।

## रजब अली शाह बाबा का सालाना उर्स सम्पन्न



**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** महानगर कोलकाता के हेस्टिंग स्थित जन आस्था के केन्द्र हजरत दाता कुतुब-ए-बंगाल रजब अली शाह बाबा का सालाना उर्स मनाया गया। उक्त जानकारी उक्त दरगाह के खादिम मो. आरिफ खान ने मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत में दी। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में रजब अली शाह बाबा के चाहने वालों ने अपनी हाजिरी लगाई। मो. आरिफ खान ने बताया कि तीन सौ से भी अधिक वर्षो से यह उर्स मनाया जा रहा है। दरगाह के खादिम आरिफ खान ने बताया कि रजब अली शाह बाबा का दरगाह सद्भावना का एक बड़ा प्रतीक है। यहां आसपास आर्मी का इलाका है और यहां उक्त दरगाह में मायूस लोगों की मुरादें पूरी होती है। हर साल यहां उर्स आयोजित किया जाता है और सभी समुदाय के लोग यहां प्रार्थना करते हैं। दो दिवस के कार्यक्रम के दौरान कुरान खानी, महफिल-ए-मिलाद शरीफ संडल व चादरपोशी के आयोजन हुए ।



महानगर में टूरिज्म फेयर का उद्घाटन कर रहे राज्य के क्रीड़ा-युवा मामला मंत्री इंद्रनील खां। -विश्वमित्र

# राज्य सरकार सरकारी कर्मचारियों के पदोन्नति की करेगी जांच



**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** राज्य सरकार ग्रुप सी और ग्रुप डी कर्मचारियों की पदोन्नति पर कड़ी नजर रख रही है। परीक्षा और नियमों के बिना पदोन्नति के मामले में यह एक अभूतपूर्व निर्णय है। हालांकि लोअर डिवीजन क्लर्क से अपर डिवीजन क्लर्क के पद पर अवैध रूप से पदोन्नत हुए कर्मचारियों की नौकरियां रद्द नहीं की गई हैं, लेकिन उन पर कई शर्तें लगाई गई हैं। इस संबंध में वित्त विभाग ने गुरुवार को एक अधिसूचना जारी की। पश्चिम बंगाल सेवा (क्लर्कियल कैडर में भर्ती) नियम, 2019, 24 जनवरी, 2019 से बंगाल में लागू हो गया। इसके बाद 50 वर्ष की आयु पार करने के बाद कंप्यूटर संचालन और टाइपिंग परीक्षा में छूट का नियम हटा दिया गया। हालांकि, इसके बावजूद, 2019 के बाद कई कर्मचारियों को गलत तरीके से छूट दी गई और उन्हें एलडीसी या यूसीसी के पद पर पदोन्नत किया गया। सत्ता परिवर्तन के बाद, नवान्न ने नए दिशानिर्देश जारी किए। नए दिशा-निर्देशों में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अवैध रूप से पदोन्नत हुए कर्मचारियों को सीधे उनके पुराने पदों पर पदावनत नहीं किया जाएगा। न ही उनके वेतन में कोई कटौती की जाएगी। हालांकि, फिलहाल मौजूदा पदों को 'अतिरिक्त कैडर पद' माना जाएगा। कर्मचारी को नेताजी सुभाष प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान (एनएसएटी) के तहत कंप्यूटर संचालन और टाइपिंग की परीक्षा देनी होगी और उसे उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। जब तक कर्मचारी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर लेते, उन्हें वेतन वृद्धि नहीं मिलेगी। वेतन वृद्धि परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ही होगी। जिन लोगों को पहले अवैध रूप से पदोन्नति मिली थी और अब वे सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी फाइलें दोबारा नहीं खोली जाएंगी। इसी तरह, यदि कोई कर्मचारी सेवानिवृत्ति के कगार पर है, तो उसे दोबारा परीक्षा नहीं देनी होगी। हालांकि, उसे परीक्षा से छूट देने का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जाएगा। प्रत्येक कर्मचारी के मामले की अलग-अलग जांच की जाएगी। इसके अलावा, यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है और उसके परिवार को ग्रेच्युटी या अवकाश वेतन देना होता है।

## भारतीय कृषक समाज के नए प्रदेश अध्यक्ष

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** भारतीय कृषक समाज ने महाआचार्य सौरभ जे. सरकार को अपना राज्य अध्यक्ष – पश्चिम बंगाल नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र इसी सप्ताह के आरंभ में नई दिल्ली में श्री कृष्ण बीर चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय कृषक समाज (बीकेएस) द्वारा, अन्य राज्यों के बीकेएस प्रतिनिधियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से सौंपा गया। यह नियुक्ति पश्चिम बंगाल में संगठन के कार्य के एक नए चरण का प्रतीक है, जिसका केंद्र किसानों की आय में वृद्धि, प्राकृतिक कृषि, प्रौद्योगिकी सशक्तिकरण, बेहतर बाज़ार संपर्क, बीज संप्रभुता, किसान गरिमा और मज़बूत ग्रामीण संस्थाएँ हैं। बीकेएस प्रतिनिधियों ने महाआचार्य जी को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल इकाई राज्य भर के कृषकों, बटाईदारों, कृषि श्रमिकों और ग्रामीण उद्यमियों की सेवा में और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनेगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती मनाई




**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती का आयोजन आज भारत सभा हॉल में किया गया। राज्य के पूर्व मंत्री प्रो. प्रबोध चंद्र सिन्हा, डॉ. सुनीलम, अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश जनता दल युनाइटेड के अध्यक्ष, समाजवादी नेता अमिताभ दत्त, अनुराधा देव, सुभाष सिंह, गोपा बनर्जी आदि ने चंद्रशेखर जी के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला। सभी वक्ताओं ने चंद्रशेखर के सादा जीवन, उच्च विचार और समान सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था के उनके प्रयासों को याद किया। श्री दत्त ने कहा कि चंद्रशेखर जी का जीवन आज की बदलती राजनीति में अत्यंत प्रासंगिक है। देश और समाज के लिए जीना चंद्रशेखर जी जैसे नेताओं से सीखा जा सकता है।

## कोलकाता पहुंचे इम्तियाज



**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** मैं वापस आऊंगा सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पूरे देश के दर्शकों का दिल जीत रही है। फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त माउथ पब्लिसिटी और भरपूर प्यार मिल रहा है। इसी सफलता के बीच निर्देशक इम्तियाज़ अली फिल्म को मिले अपार प्यार और समर्थन के लिए दर्शकों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद करने कोलकाता पहुंचे। कोलकाता दौरे के दौरान इम्तियाज़ अली ने शहर की खूबसूरती और विरासत का आनंद लिया। उन्होंने प्रतिष्ठित विक्टोरिया मेमोरियल का दौरा किया और कोलकाता की पहचान मानी जाने वाली मशहूर पीली एम्बेसडर टैक्सी के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। इसके बाद उन्होंने दर्शकों के साथ फिल्म की सफलता का जश्न मनाया। अपनी भावनात्मक कहानियों के लिए पहचाने जाने वाले इम्तियाज़ अली मैं वापस आऊंगा को रिलीज़ के बाद मिले शानदार प्यार और सराहना से बेहद भावुक हैं। फिल्म की दिल छू लेने वाली कहानी, दमदार अभिनय और भावनात्मक गहराई ने हर उम्र के दर्शकों से गहरा जुड़ाव बनाया है।

# जनगणना अगस्त से, 34 सवालों के देने होंगे जवाब



**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** पश्चिम बंगाल में मतदान समाप्त होते ही मेट्रो स्टेशनों पर जनगणना (जनगणना 2027) से संबंधित विज्ञापन गीत बजने लगे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार जनगणना का काम शुरू हो चुका है। राज्य के विभिन्न ब्लॉकों में जनगणना कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू हो चुका है, जहां उन्हें सिखाया जा रहा है कि 'क्या करना है!' जनगणना का प्रारंभिक कार्य अगस्त से शुरू होगा। इस चरण में दो चरण हैं। पहला चरण 1 से 15 अगस्त तक चलेगा। इसके बाद, जनगणना कर्मियों को 16 से 31 अगस्त के बीच घर-घर जाकर जानकारी का सत्यापन करना होगा। इस चरण के पूरा होने के बाद, जनगणना का अंतिम कार्य अगले वर्ष फरवरी तक जारी रहेगा। प्रत्येक जनगणना कर्मी को औसतन 150-180 घरों से जानकारी एकत्र करनी होगी। जनगणना कर्मियों को उपग्रह चित्रों का उपयोग करके मानचित्रण का कार्य भी करना होगा। आपको 34 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे! प्रश्न क्या हैं? स्वयं जनगणना प्रक्रिया में नागरिकों को पोर्टल पर 34 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। फॉर्म पूरा होने पर, निर्दिष्ट मोबाइल नंबर पर एक OTP भेजा जाएगा। संक्षेप में, जिन 34 प्रश्नों के उत्तर देने आवश्यक हैं, वे इस प्रकार हैं: पंक्ति संख्या (यह पोर्टल पर स्वतः भर जाएगी), मकान संख्या, जनगणना मकान संख्या, मुख्य फर्श की सामग्री, मुख्य दीवार की सामग्री, मुख्य छत की सामग्री, जनगणना मकान के वास्तविक उपयोग का निर्धारण, इस जनगणना मकान की वर्तमान स्थिति, परिवारों की संख्या, इस परिवार में नियमित रूप से रहने वाले सदस्यों की कुल संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित है, मकान के स्वामित्व का विवरण, केवल इस परिवार के स्वामित्व में रहने योग्य मकानों की संख्या, इस परिवार में रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, पीने के पानी का मुख्य स्रोत, स्रोत कहाँ स्थित है, प्रकाश का मुख्य स्रोत, क्या शौचालय है या नहीं, शौचालय का प्रकार, जल निकासी व्यवस्था, क्या मकान परिसर में स्नान की सुविधा है, क्या 25. रसोई और एलपीजी कनेक्शन, खाना पकाने के लिए प्रयुक्त मुख्य ईंधन, रेडियो या ट्रांजिस्टर है या नहीं, टेलीविजन है या नहीं, इंटरनेट की सुविधा है या नहीं, कंप्यूटर या लैपटॉप है या नहीं, टेलीफोन, मोबाइल या स्मार्टफोन है या नहीं, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल या मोपेड है या नहीं, चार पहिया वाहन, जीप या मोटर वैन है या नहीं, परिवार में मुख्य रूप से कौन सा अनाज खाया जाता है, मोबाइल नंबर। इन बुनियादी सवालों के अलावा, नागरिकों को कुछ और जानकारी भी भरनी होगी। जैसे कि परिवार के सदस्यों का लिंग विवरण, कितने पुरुष हैं, कितनी महिलाएं हैं, क्या कोई ट्रांसजेंडर या तृतीय लिंग का सदस्य है, आदि।

## 14 साल बाद खुली वरुण विश्वास के हत्या मामले की फाइल

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** उत्तर 24 परगना के सुतिया सामूहिक बलात्कार मामले में गवाह रहे शिक्षक वरुण विश्वास की हत्या के मामले की जांच फिर से शुरू हो गई है। कुछ दिन पहले विश्वास परिवार ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात कर मामले की पुन: जांच की मांग की थी। शुभेंदु ने वरुण के भाई-बहन को न्याय का आश्वासन दिया। कुछ ही दिनों में सीआईडी जांच दल गोबरडांगा स्थित वरुण के घर पहुंच गया। गुरुवार को वे घर गए और वरुण के परिवार के सदस्यों से बात की। उन्होंने जानकारी भी जुटाई। सीआईडी की इस कार्रवाई से विश्वास परिवार खुश है। उन्हें उम्मीद है कि 14 साल बाद आखिरकार न्याय मिलेगा। बिस्वास परिवार ने आरोप लगाया है कि वरुण की हत्या के पीछे पूर्व राज्य मंत्री और हाबरा से तत्कालीन विधायक ज्योतिप्रिय (बालू) मल्लिक का हाथ था। शुभेंदु को इसकी सूचना दे दी गई है। इस आरोप की जानकारी सीआईडी को भी दे दी गई है। सीआईडी ने वरुण के परिवार से काफी देर तक पूछताछ की। जांचकर्ताओं ने वरुण के जीवन, सामाजिक गतिविधियों, इलाके की स्थिति और हत्या के कारण के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई है। परिवार का बयान भी दर्ज कर लिया गया है। वरुण के परिवार का मानना है कि हत्या की ठीक से जांच नहीं की गई और साजिश में शामिल लोगों को छिपा दिया गया। आरोप है कि तृणमूल सरकार के दौरान कई बार पुनर्जांच की मांग की गई, लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## पूर्व मंत्री मानस भुइयां से लम्बी पूछताछ

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** राज्य के पूर्व मंत्री मानसरंजन भुइयां को नोटिस मिलने के बाद गुरुवार को सबंग पुलिस स्टेशन में पेशी हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उनसे करीब तीन घंटे तक पूछताछ की गई। हालांकि, पुलिस स्टेशन से निकलने के बाद मानस ने कोई टिप्पणी नहीं की। उन पर आरोप है कि मंत्री रहते हुए उन्होंने सिंचाई विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर कई लाख रुपये लिए थे। अदालत के आदेश के बाद, वह गुरुवार को सुबह लगभग 11:30 बजे पुलिस स्टेशन पहुंचे। जांच अधिकारियों ने उनसे करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सबंग पुलिस स्टेशन में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी।

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Unknown Male deadbody,** found on 28.05.2026, at about 18.45 hrs, In between P/No 24/33 to 24/35 between BBAE R/S to BHR R/S, Description of this dead body is: **Age-** 46 Years (Approx), **Sex:** Male, **Complexion** - Sallow, **Height**-5 Feet 5 Inch (Approx), **Build** - Medium, **Hair** - Black & White, **Wearing** - Red T-Shirt, blue full pant. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph. No.-033-2450-6120.

**ICA-D1023(3)/2026**

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

INFORMATION WANTED



नया फिक्शन शो 'तू ही रे दिल में', जो 15 जून से शुरू हुआ है, अपनी दिलचस्प कहानी के चलते, लगातार दर्शकों को बांधे हुए है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ रही है, शो का शादी वाला ट्रैक सबसे बड़ा आकर्षण बन गया है। अब हर किसी की नजर इस बात पर टिकी है कि आगे क्या होने वाला है। आने वाले एपिसोड्स में संजय (अबरार काज़ी) की ज़िंदगी पूरी तरह बदलने वाली है। संजय, स्वाति (सिमरन रावल) से बेइंतेहा प्यार करता है और उसी से शादी करने जा रहा होता है। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर होता है। हालात ऐसे मोड़ लेते हैं कि संजय की शादी वृंदा (प्रियांशी यादव) से हो जाती है। इस एक घटना से तीनों की ज़िंदगी हमेशा के लिए बदल जाती है। अब संजय के सामने सबसे बड़ा सवाल है। क्या वो अपने पहले प्यार स्वाति के पास लौटेगा या फिर वृंदा के साथ बने इस रिश्ते और उससे जुड़ी जिम्मेदारियां निभाएगा? जैसे जैसे रिश्ते उलझते जाएंगे, वैसे वैसे कहानी में ड्रामा और जज़्बात भी बढ़ते जाएंगे।

शादी वाले इस भावुक ट्रैक पर बात करते हुए संजय का किरदार निभा रहे अबरार काज़ी ने कहा कि ऐसे हालात में अक्सर सबसे पहले आदमी को ही गलत मान लिया जाता है। लेकिन हर कहानी इतनी सीधी नहीं होती। कई बार हालात और किस्मत इंसान के सामने ऐसे हालात पैदा कर देते हैं, जिन पर उसका कोई बस नहीं होता। उन्होंने यह भी बताया कि संजय का किरदार निभाते हुए एक तरफ अपने प्यार और दूसरी तरफ अचानक आई जिम्मेदारियों के बीच उसकी उलझन को दिखाना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा।

# भावुक हुईं सोनाक्षी बत्रा, बोलीं, "इसने मेरा दिल छू लिया"



पॉपुलर शो 'जगद्धात्री' इन दिनों खूब चर्चा में है। दर्शक बेसब्री से शिवाय (फरमान हैदर) और जगद्धात्री (सोनाक्षी बत्रा) की ग्रैंड शादी का इंतजार कर रहे हैं। हाल के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि देशमुख और नाइक परिवार शादी की तैयारियों में जुट गए हैं। दोनों परिवारों के साथ आने से शो का यह ट्रैक और भी खास बन गया है। लेकिन इस शादी का जश्न सिर्फ शो तक ही सीमित नहीं रहा। शिवाय और जगद्धात्री की जोड़ी को मिल रहे प्यार ने अब स्क्रीन की सीमा भी पार कर ली है। ग्रैंड शादी से पहले जगद्धात्री का किरदार निभा रहीं सोनाक्षी बत्रा को उनके फैंस ने ऐसा सरप्राइज दिया, जिसे वो शायद कभी नहीं भूल पाएंगी। फैंस ने उन्हें अपने घर बुलाकर पूरे रीति-रिवाजों के साथ 'केलवण' कराया। केलवण महाराष्ट्र की एक बेहद खास शादी से पहले निभाई जाने वाली परंपरा है। इसमें दूल्हा या दुल्हन का आरती उतारकर स्वागत किया जाता है, उन्हें प्यार से घर का बना स्वादिष्ट खाना खिलाया जाता है, आशीर्वाद दिया जाता है और नई ज़िंदगी की शुरुआत से पहले ढेर सारी शुभकामनाएं और उपहार दिए जाते हैं। अपने फैंस से मिला यह प्यार और अपनापन देखकर सोनाक्षी भावुक हो गईं। इस पल ने उन्हें फिर से एहसास कराया कि दर्शकों ने सिर्फ जगद्धात्री को ही नहीं, बल्कि उन्हें भी दिल से अपनाया है।

# 'सा रे गा मा पा' ऑडिशन्स के अगले चरण का किया ऐलान

**11 जुलाई से चंडीगढ़ और जयपुर में शुरू होंगे 'सा रे गा मा पा' के ऑडिशन्स, इसके बाद 12 जुलाई को मुंबई, 18 जुलाई को इंदौर और नागपुर, 19 जुलाई को बेंगलुरु, 25 जुलाई को अहमदाबाद और गुवाहाटी, जबकि 26 जुलाई को कोलकाता में होगा आखिरी ऑडिशन**

भारत के बेहतरीन सिंगिंग टैलेंट को पहचान दिलाने और उन्हें बड़ा मंच देने की अपनी शानदार विरासत को आगे बढ़ाते हुए ज़ी टीवी एक बार फिर अपने सबसे पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' का नया सीजन लेकर आ रहा है। इस बार भी शो देश के हर कोने से उभरती असली आवाजों को मंच देगा। पहले से कहीं ज्यादा भव्य स्टेज, शानदार प्रोडक्शन और 100 से ज्यादा लाइव म्यूजिशियन, सिंगर्स और इंस्ट्रूमेंटलिस्ट्स के साथ यह नया सीजन संगीत का एक यादगार अनुभव देने के लिए तैयार है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी खासियत वही रहेगी, जिसने इस शो को खास बनाया है। असली टैलेंट को उसकी सही पहचान दिलाना। शो के नए सीजन की शुरुआत के साथ ज़ी टीवी ने एक बेहद खूबसूरत नया प्रोमो भी लॉन्च किया है। ट्रेन के सफर पर आधारित इस प्रोमो में संगीत बिना कुछ कहे दिलों को जोड़ने का काम करता है।

# अब दूसरी शादी नहीं करूंगी

टीवी एक्टर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों रियलिटी शो 'लॉकअप 2' को लेकर लगातार चर्चा में हैं। शो में एंट्री के दौरान उन्होंने खुलासा किया था कि वह और गौरव पिछले एक साल से अलग रह रहे हैं और दोनों का तलाक होने वाला है।

### दूसरी शादी पर दिया साफ जवाब

इस खबर ने टीवी इंडस्ट्री और फैंस को हैरान कर दिया था। शो के लेटेस्ट एपिसोड में आकांक्षा ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर खुलकर बात की। जब उनसे दूसरी शादी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने साफ कहा कि फिलहाल उनका दोबारा शादी करने का कोई इरादा नहीं है। उन्हें अब महसूस होता है कि शायद शादी उनके लिए नहीं बनी है।

### 'अब अपना घर खरीदूंगी'

आकांक्षा ने कहा, "शादी के समय मेरी उम्र सिर्फ 24 साल थी। पहले मैं अपने पेरेंट्स के साथ रहीं और फिर पति के घर चली गईं। अब पहली बार मैं अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीना चाहती हूं। मैं अपना अलग घर लेने की प्लानिंग कर रही हूं। अब अकेले रहकर अपनी नई शुरुआत करूंगी।"

### नई शुरुआत के लिए तैयार हैं एक्ट्रेस

आकांक्षा का कहना है कि अकेले रहना उनके लिए नया अनुभव होगा, लेकिन वह इसे लेकर एक्साइटेड भी हैं। जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए खुद को मजबूत बनाना जरूरी है।



# छलका अंजलि आनंद का दर्द



एक्ट्रेस अंजलि आनंद इन दिनों अपने शानदार प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी', 'डब्बा कार्टेल' और 'रात जवान है' के बाद अब वह जल्द ही 'धमाल 4' में अजय देवगन और रितेश देशमुख के साथ नजर आएंगी। हालांकि, सफलता के बावजूद उन्हें सोशल मीडिया पर बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ रहा है।

### 'इतनी मोटी होकर भी काम कैसे मिल रहा है?'

हाल ही में देबीना बनर्जी के साथ बातचीत में अंजलि ने बताया कि उन्हें अक्सर ऐसे मैसेज मिलते हैं, जिनमें लोग पूछते हैं, "इतनी मोटी होकर भी आपको काम कैसे मिल रहा है?" कुछ लोग तो यह तक इशारा करते हैं कि उन्हें काम किसी गलत वजह से मिल रहा होगा, जो सीधे-सीधे कास्टिंग काउच की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि लोग किसी कलाकार की मेहनत और काबिलियत देखने के बजाए उसके वजन और शरीर पर कमेंट करते हैं।

### 'काम टैलेंट से मिलता है, साइज से नहीं'

एक्ट्रेस ने साफ कहा कि इंडस्ट्री में काम किसी के शरीर के शेप से नहीं, बल्कि उसकी मेहनत और अभिनय से मिलता है। उन्होंने कहा, "मैं हमेशा खुद को हीरोइन मानती हूं। लोग क्या सोचते हैं, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# नसीब वाला हूं जो बेटी का पिता हूं



अली फजल को इंडिया में भले दर्शक 'मिर्जापुर' के गुड्डू भैया के रूप में जानते हों, मगर अली ने हॉलीवुड में भी अच्छा-खासा काम किया है। इन दिनों वेब सीरीज 'राख' में अपनी भूमिका के लिए तारीफ बटोरने वाले अली जल्द ही कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में दिखेंगे। आमिर खान की 'बंटवारा 1947' के अलावा वह फिल्म 'मिर्जापुर' और 'लस्ट स्टोरीज' में भी नजर आएंगे। अली फजल ने हाल ही 'नवभारत टाइम्स' से बातचीत में अपने इन प्रोजेक्ट्स के अलावा बेटी का पिता बनने के बाद आए बदलावों, जातिगत टिप्पणियों के अनुभव के अलावा कई और मुद्दों पर बोले। पेश है उनसे खास बातचीत:

### 'बंटवारा 1947' में बड़ा रोल नहीं, पर अहम

'बंटवारा 1947' में अपने रोल पर अली फजल कहते हैं, ''बंटवारा' में मेरा बहुत बड़ा रोल नहीं है, लेकिन मेरे लिए किरदार के आकार से ज्यादा अहमियत उस टीम और कहानी की होती है, जिसका मैं हिस्सा बनता हूं। सनी देओल जैसे दिग्गज कलाकारों और शानदार टीम के साथ काम करना अपने आप में बड़ा अनुभव है। आमिर खान सर इसे बना रहे हैं और मुझे इसके रिलीज होने का बेसब्री से इंतज़ार है। सच तो ये है कि मैं खुद को किसी एक तरह के किरदार तक सीमित नहीं रखना चाहता। फिल्म मिर्जापुर में चिरपरिचित चेहरों के साथ एक सिनेमैटिक अनुभव मिलेगा।'

### बेटी की पैदाइश के बाद जमीन-आसमान का बदलाव आया

आज से तकरीबन दो साल पहले अली और रिचा ने जुनेरा नाम प्यारी बेटी को जन्म दिया। अली खुद को खुशकिस्मत मानते हैं, बेटी को पाकर। वह कहते हैं, 'बेटी को पाकर नसीब वाला महसूस करता हूं । बस रोज, दुआ करता हूं कि एक पैरेंट के रूप में बेटी का ध्यान रख पाऊं, उसकी जरूरतें पूरी कर पाऊं। मुझमें जमीन-आसमान का बदलाव आया है। लोग जब पूछते हैं कि एक पिता के रूप में क्या देना चाहेंगे? तो मैं मुझे लगता है कि ये तो इतिहास की सबसे पुरानी चीज है। हम बच्चों को क्या दे सकते हैं? जो भी देना है, वो तो हमारा फर्ज है। हम हजारों सालों से ये करते आए हैं। मुझे लगता है कि हमें बात का बतंगड़ नहीं बनाना चाहिए। हमें काम करना चाहिए, बच्चे पालने चाहिए, उन्हें एजुकेट करना जरूरी है। बाकी तो दुनिया चल ही रही है।'

### बिना सोचे-समझे कुछ नहीं कहना चाहता

सभी जानते हैं कि अली फजल की पत्नी रिचा चड्ढा मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखने में कभी पीछे नहीं रही हैं, मगर अली उनकी तरह मुखर नहीं हैं। इस पर वह कहते हैं, 'मेरा मानना है कि इंसान चाहे तो कुछ भी बन सकता है, और अगर मैं चाहूं तो हर मुद्दे पर बोलना भी शुरू कर सकता हूं। लेकिन मुझे लगता है कि मैं अपने काम के जरिए ज्यादा प्रभावी ढंग से अपनी बात कह पाता हूं। शायद मैं अभी उस मुकाम पर नहीं हूं कि बिना पूरी जानकारी और समझ के किसी भी विषय पर खुलकर टिप्पणी करूं।

### 'जरूरी नहीं हर समय हर मुद्दे पर सार्वजनिक बयान दिया जाए'

अली ने आगे कहा, 'हालांकि, एक अभिनेता के तौर पर हमारी जिम्मेदारी जरूर बनती है, क्योंकि हम भी समाज का हिस्सा हैं। हम समाज को देखते हैं, उससे सीखते हैं और फिर उसी का एक रूप अपने सिनेमा और कहानियों के माध्यम से दर्शकों के सामने रखते हैं। लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि हर समय और हर मुद्दे पर सार्वजनिक बयान दिया जाए। पहले सोशल मीडिया नहीं था, इसलिए लोगों से ऐसी अपेक्षाएं भी कम थीं। आज सोशल मीडिया के दौर में अक्सर यह उम्मीद की जाती है कि हर विषय पर कलाकार अपनी राय रखें।

### काम करने वालों के बर्तन अलग रखे जाते हैं

अपनी हालिया सीरीज 'राख' में अली फजल अपनी जातिगत पहचान के संघर्ष से जूझते नजर आए हैं। आम तौर पर जातिगत टिप्पणियां आम होती हैं। क्या अली इस तरह के अनुभव से गुजरे हैं? इस पर वह कहते हैं, 'बिल्कुल, किसी न किसी स्तर पर हर किसी ने इसका सामना किया है। मैंने भी किया है। लोग मानें या न मानें, लेकिन भेदभाव हमारे समाज में गहराई से मौजूद है। स्कूल में बुलिंग होती थी और उसकी जड़ें भी अक्सर घर से ही आती हैं। हम अपने आस-पास रोज भेदभाव देखते हैं, चाहे जाति के आधार पर हो, लिंग के आधार पर या सामाजिक हैसियत के आधार पर। कई घरों में काम करने वाले लोगों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है, उनके लिए बर्तन तक अलग रखे जाते हैं। कहीं बेटों और बेटियों में फर्क किया जाता है, तो कहीं लड़कों को बेहतर शिक्षा और बेटियों को कम अवसर दिए जाते हैं। बेटों को अंग्रेजी, तो बेटियों को नॉन इंग्लिश में पढ़ाया जाता है। अगर एक तरह का भेदभाव खत्म भी कर दें, तो लोग किसी और आधार पर फर्क ढूंढ़ लेंगे। इसलिए असली बदलाव शिक्षा और जागरूकता से ही आएगा।'

### रुक कर सोचने और महसूस करने की जरूरत है

समाज में सबसे ज्यादा किस आपराधिक मुद्दे पर ध्यान देने की जरूरत है? इस सवाल पर अली फजल कहते हैं, 'मेरे लिए सबसे बड़ा अपराध वह है, जिसमें किसी माता-पिता को अपने बच्चे को खोना पड़े या किसी परिवार को अपने प्रियजन की जान गंवानी पड़े। उस वक्त उनके लिए उससे बड़ा कोई अपराध नहीं होता। हर परिवार और हर व्यक्ति को अपने भीतर झांकने की जरूरत है।

## उत्तर प्रदेश समाचार

### बुंदेलखंड से सीएम योगी का सपा पर निशाना

# जिन्हें कब्रिस्तान प्यारा, उन्हें राम मंदिर अच्छा नहीं लगता

### सीएम ने किया 710 करोड़ से अधिक की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



**बांदा, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को फिर निशाने पर रखते हुए इन सरकारों के कार्यों का अंतर बताया। इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि कुछ लोग विरासत को अपमानित करते हैं। उन्होंने हिंदू परंपरा व सनातन को कोसना जीवन का ध्येय बनाया है। वे वैभवशाली व विकसित भारत नहीं देखना चाहते। हमारी सरकार जो पैसा मंदिरों के विकास व धामों के सुंदरीकरण के लिए देती है, समाजवादी पार्टी के समय यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल के लिए जाता था। उन्हें कब्रिस्तान प्यारा है, इसलिए वे राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, मां विंध्यवासिनी धाम, चित्रकूट, नैमिषारण्य धाम के विकास का विरोध करते हैं। सपा व कांग्रेस वाले भाजपा के प्रतिनिधियों द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों को पचा नहीं पाते। सीएम ने प्रदेशवासियों से अपील की कि जिनकी सोच नकारात्मक व विकास विरोधी है, उन्हें खारिज कीजिए। सीएम योगी ने गुरुवार को बांदा व बबेरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 710 करोड़ से अधिक की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने लोकार्पण व शिलान्यास की गई कई योजनाओं को गिनाकर इसका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया।

## वाहन ने तीन राहगीरों को कुचला, तीनों की मौत

**ग्रेटर नोएडा, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। जेवर से खुर्जा जाने वाले मार्ग पर नीमका गांव के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे पैदल जा रहे तीन राहगीरों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस द्वारा गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया गया कि घटना की सूचना मिलते ही जेवर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं जांच कार्य शुरू किया। पुलिस ने मृतकों की पहचान करन (22) पुत्र मिथलेश, विश्वजीत (24) पुत्र सतीश तथा मिथुन (25) निवासी जनपद अररिया, बिहार के रूप में की है।

## राम मंदिर विवाद के बीच सनातन बोर्ड की मांग तेज, गोविंद देव गिरि से इस्तीफे की मांग

**अयोध्या, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** अयोध्या में राम मंदिर चंदा चोरी विवाद को लेकर साधु-संतों ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि के इस्तीफे की मांग की है। संतों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर गोविंद देव इस्तीफा नहीं देते तो साधु-संत आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। साथ ही संतों ने एक बार फिर सनातन बोर्ड के गठन की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि अगर सनातन बोर्ड होता तो शायद ऐसी घटनाएं नहीं होतीं। आईएएनएस से बात करते हुए महंत देवेशाचार्य महाराज ने कहा कि गोविंद देव चंपत राय से मिले और बातचीत हुई। चार-पांच घंटे बैठकर गोविंद देव सबको मना रहे हैं। लेकिन, बैठक का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया। सबसे पहले तो गोविंद देव गिरि को खुद इस्तीफा देना चाहिए था। उन्होंने खुद कहा कि मेरे पास हस्ताक्षर का अधिकार नहीं था, चेक नहीं था, जानकारी नहीं थी। फिर वे कोषाध्यक्ष कैसे बने। जब घटना सामने आई, उसी दिन इस्तीफा देना चाहिए था। चंपत राय के पत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चंपत राय बेईमान हैं या फिर ईमानदार हैं। हम निर्णय नहीं कर सकते हैं। राम भक्तों के नाम पर उन्होंने पत्र लिखा, लेकिन जब इस्तीफा देने का समय था, तब राम भक्त कहां थे। उनके मन में कहीं न कहीं खोट था। वे दोषियों को बचाना चाहते थे, जिससे विपक्ष को राम मंदिर की बदनामी करने का मौका मिल गया। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

# तौबा-तौबा करते हुए पुलिस थाने पहुंचे 47 मुल्जिम, कहा- कभी गौकशी नहीं करेंगे



**सहारनपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** सहारनपुर के थाना चिलकाना क्षेत्र में गौकशी के मामलों में पहले संलिप्त रहे 47 आरोपी स्वेच्छा से थाने पहुंचे और भविष्य में अपराध की दुनिया से पूरी तरह दूर रहने का संकल्प लिया। इनमें ऐसे आरोपी भी शामिल रहे जिन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी है। थाने पहुंचे सभी लोगों के हाथों में संदेश लिखी तख्तियां थीं। इन पर कानून का सम्मान करने, अपराध से दूर रहने और ईमानदारी से जीवनयापन करने की बातें लिखी गई थीं। गौकशी मामले मे पुलिस की सख़्ती होते देख 47 लोग थाने पहुंचे सभी लोगों के हाथों में संदेश लिखी तख्तियां थीं। इन पर कानून का सम्मान करने, अपराध से दूर रहने और ईमानदारी से जीवनयापन करने की बातें लिखी गई थीं।

थाना परिसर में सभी ने पुलिस अधिकारियों के सामने शपथ लेते हुए कहा कि अब वे गोकशी या किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे से मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करेंगे और समाज के जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन बिताएंगे।

## बिहार समाचार

# 1 करोड़ नए राशन कार्ड बनाने के निर्देश

### सीएम सम्राट बोले- डाटाबेस तैयार करें कोई पात्र परिवार नहीं छूटने चाहिए



**पटना, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में एक करोड़ नए राशन कार्ड बनाने के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी की मौजूदगी में खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिया।

बैठक में राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राशन वितरण व्यवस्था, गोदामों की स्थिति, ऑनलाइन सेवाओं और केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग की सभी योजनाओं के लाभार्थियों का सटीक और अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जाए। इससे पात्र लोगों को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक करोड़ नए राशन कार्ड बनाने के लक्ष्य को जल्द पूरा करे, ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार राशन योजना से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राशन वितरण प्रणाली की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को समय पर और सम्मानपूर्वक राशन मिले। बैठक के दौरान खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था को आधुनिक बनाने पर भी चर्चा हुई।

## दो लोगों की जिंदा जलकर मौत

**गयाजी, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** गया जिले में डोभीपटना फोरलेन पर बुधवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना बुधवार देर रात बोधगया थाना क्षेत्र के सीजुआ गांव के समीप हुई। डोभी की ओर से आ रही झारखंड नंबर की एक स्विफ्ट कार की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खाद लोडेड ट्रक सर्विस लेन से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में फोरलेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था।

## भाजपा प्रत्याशी अभिषेक कुमार ने भरा नामांकन, प्रचंड जीत का किया दावा



**पटना, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** बांकीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी अभिषेक कुमार बंटी ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। पटना समाहरणालय पहुंचकर उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत नामांकन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा और एनडीए के कई वरिष्ठ नेता तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद अभिषेक कुमार बंटी ने बांकीपुर की जनता को नमन करते हुए उनका आशीर्वाद और सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन के बल पर भाजपा एक बार फिर इस सीट पर जीत दर्ज करेगी। इस दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सहेली संग शादी की जिद में टावर पर चढ़ी युवती

### घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा



**मुजफ्फरपुर, 9 जुलाई (एजेंसियं)।** जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के गुलाबपट्टी गांव में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गया, जब एक लड़की अचानक हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गई। युवती को इतनी ऊंचाई पर देख आसपास के लोगों के होश उड़ गए और देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। अचानक एक युवती के टावर पर चढ़ने की खबर मिलते ही आस-पास के लोग जमा हो गये। हंगामा होने लगा। उधर, टावर के ऊपर से युवती वीडियो बनाकर लोगों को संबोधित करते रही।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और बिजली विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। विभाग द्वारा एहतियात के तौर पर लाइन कटवाई गई और युवती को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान लड़की ने सोशल मीडिया पर लाइव आ कर दूसरी युवती से समलैंगिक विवाह की जिद पर हाईटेंशन टावर पर चढ़ने कि बात कही। ग्रामीणों के अनुसार लड़की किसी दूसरी युवती से शादी करने की जिद पर अड़ी है और इसी मांग को लेकर वह टावर पर चढ़ी है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ सरैया अभिजीत कौर ने बताया कि हिम्मतपट्टी वार्ड नंबर 3 के हाइटेंशन बिजली के टावर पर बीस वर्षीय युवती बबीता कुमारी प्रेम प्रसंग के चलते टावर पर चढ़ी थी। प्रशासन की तत्परता और सूझबूझ से युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। एसडीपीओ के मुताबिक, युवती पूरी तरह सुरक्षित है और फिलहाल उसकी काउंसिलिंग की जा रही है।

## झारखंड समाचार

# एआई पर सरकार पांच वर्षों में करेगी 1150 करोड़ का निवेश

### निवेशकों के बीच साझा किया रोडमैप

**रांची, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** झारखंड सरकार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सुशासन और डिजिटल नवाचार के जरिए राज्य को देश का अग्रणी एआई राज्य बनाने का रोडमैप प्रस्तुत किया है। सरकार ने अगले पांच वर्षों में एआई अवसंरचना, डिजिटल क्षमता विस्तार और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1,150 करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव रखा है। यह जानकारी नई दिल्ली के ताज पैलेस होटल में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026 के दौरान साझा की गई। सरकार ने प्रस्तावित झारखंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नीति 2026-31 की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। नीति के तहत शासन, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, खनन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन समेत विभिन्न क्षेत्रों में एआई आधारित समाधान विकसित किए जाएंगे। साथ ही डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, पारदर्शिता और जिम्मेदार तकनीकी उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार के अनुसार, राज्य में एआई आधारित निर्णय प्रणाली विकसित कर सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, त्वरित, जवाबदेह और नागरिक केंद्रित बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (सीएम-डीआईपी) स्थापित करने का प्रस्ताव है। जो विभिन्न सरकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना परियोजनाओं और विभागीय कार्यों की रियल टाइम निगरानी करेगा।

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, नौ बाइक बरामद मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**बोकारो, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** बोकारो जिले में पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चोरी के नौ बाइक बरामद कर मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि विगत एक जुलाई को हरला थाना क्षेत्र के बीएसएल सेक्टर-9/डी से सुदेश कुमार की अपाची बाइक चोरी हो गई थी। शिकायत मिलने के बाद हरला थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम बनाई गई। जांच के दौरान मिले सुराग और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने धनबाद के कतरास इलाके के रहने वाले 23 वर्षीय अरमान कुमार यादव उर्फ अमन कुमार को गिरफ्तार किया।

## रुपए लेकर भर रहे एसआइआर फॉर्म, साइबर कैफे सील



**धनबाद, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर 2026) में फॉर्म भरने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने वासेपुर क्षेत्र में संचालित दो साइबर कैफे का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के क्रम में वासेपुर स्थित गल्फ जॉब साइबर कैफे में राशि लेकर एसआइआर फॉर्म भरे जाने का मामला प्रकाश में आया।

एसडीएम के निर्देशानुसार उक्त साइबर कैफे को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इसके बाद एसडीएम ने एक अन्य साइबर कैफे रूशान कम्युनिकेशन में औचक निरीक्षण किया। जांच पड़ताल करने के बाद उन्होंने संचालक को सख्त चेतावनी दी। कार्रवाई के बाद एसडीएम ने आम जनता और विशेषकर मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील की।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े फॉर्म को भरने के लिए किसी भी निजी या अनाधिकृत साइबर कैफे की सेवाएं न लें। मतदाता फॉर्म को जमा करने या सुधार के लिए केवल बूथ लेवल ऑफिसर, बूथ लेवल एजेंट-2, सुपरवाइजर, वॉलेंटियर्स की ही सहायता लें, ताकि उनकी गोपनीय जानकारी सुरक्षित रहे और प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।

एसडीएम ने बताया कि गल्फ जॉब साइबर कैफे मैं राशि लेकर एसआइआर फॉर्म भरने की सूचना मिली थी, जो निरीक्षण के दौरान सही मिली।

# एसआईआर अभियान को सफल बनाने में बीएसएल निभाएं सक्रिय सहभागिता : डीईओ सह डीसी



**बोकारो, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** बोकारो विधानसभा क्षेत्र के बोकारो स्टील सिटी (बीएस सिटी) शहरी क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) श्री अजय नाथ झा ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बीएसएल प्रबंधन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान को सफल बनाने में बीएसएल निभाएं सक्रिय सहभागिता।

बैठक में डीईओ सह डीसी ने एसआईआर-2026 अभियान की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं इसकी आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि *जिस प्रकार बीएसएल इस्पात उत्पादन में देश की अग्रणी इकाइयों में शामिल है, उसी प्रकार लोकतंत्र को सशक्त बनाने वाले इस अभियान में भी अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि एसआईआर केवल निर्वाचन आयोग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण अभियान है। डीईओ सह डीसी ने कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में बीएसएल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बीएलओ को पूरा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता की प्रवृत्ति को समाप्त करना आवश्यक है। बीएसएल प्रबंधन अपने कर्मचारियों को अभियान के प्रति जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित नहीं रहे।

## 60 की उम्र में बुजुर्ग दंपति ने लिया तलाक

### फैमिली कोर्ट में कागज पर चंद स्याही से टूट गई शादी



**जामताड़ा:** कहते हैं शादी का बंधन सात जन्मों का बंधन होता है। अपने लाइफ पार्टनर की उस समय सबसे ज्यादा जरूरत होती है जब जीवन का अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहे होते हैं। लेकिन झारखंड के जामताड़ा जिले से एक अलग ही मामला सामने आया है। यहां एक बुजुर्ग दंपति ने तलाक लिया है। नाती-पोतों वाले दंपति की उम्र 60 साल के पार की है। दोनों की शादी को 45 साल हो चुके थे। ऐसे में बुजुर्ग दंपति को जामताड़ा फैमिली कोर्ट ने समझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी और कागज पर चंद स्याही से दोनों की शादी टूट गई। जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र का मामला है। जहां अर्जुन और सोना ने बाकी बची जिंदगी अलग-अलग गुजारने का फैसला किया है। गलत फहमी, जिद और अहंकार के चलते दोनों ने अपनी 45 साल पुरानी शादी को खत्म करने का फैसला किया। इसके लिए उन्होंने हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 13-बी के तहत आपसी सहमती से जामताड़ा फैमिली कोट में तलाक की अर्जी लगाई थी।


**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**e-Tender Notice**
**WBPWD/EE-WKED/NIT-36/2026-27; Tender ID-2026_WBPWD_5016519_1 : Name of Work :** Necessary repairing and renovation of Go-down, Barrack, Canteen & toilet block at HRBC Bhawan to accommodate office of the Enquiry Commission at Munshi Prem Chand Sarani, Kolkata 700021 during the year 2026-2027-Electrical Installation Work. Bid Submission End Date : 27/07/2026 upto 1:00 p.m. Website:- **tenders.wb.gov.in** : Sd/- Executive Engineer-I, P.W.Dte., West Kolkata Electrical Division, 4th floor, C-Block, New Sectt. Bldg, 1, K.S. Roy Road, Kol-01.
ICA- T12095(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**e-TENDER NOTICE**
e-tender is invited by the E.E., NTKMD, PHE Dte. on behalf of Governor of West Bengal vide Ref. No. PHE / NTKMD / e-10 of 2026-27 and ID : 2025_PHED_1031414 for Operation & guarding of different sites in New Town and other work under NTK Project. Details will be available in the website wbtenders.gov.in The last date for submission of tender is 27.07.2026 upto 10.00 AM. Sd/- EE/NTKMD, PHE Dte.
ICA- T12100(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**e-Tender Notice**
**WBPWD/EE-WKED/NIT-37/2026-27; Tender ID-2026_WBPWD_5016526_1 : Name of Work :** Repair, renovation of Ground, First and Second floor of HRBC Bhawan for relocation of existing office setup i.c.w. setting up Enquiry Commissions in 3rd, 4th and 5th floor of HRBC Bhawan at Munshi Prem Chand Sarani, Kolkata 700021 during the year 2026-2027-SITC of Air Conditioning Work. Bid Submission End Date : 27/07/2026 upto 1:00 p.m. Website:- **tenders.wb.gov.in** : Sd/- Executive Engineer-I, P.W.Dte., West Kolkata Electrical Division, 4th floor, C-Block, New Sectt. Bldg, 1, K.S. Roy Road, Kol-01.
ICA- T12096(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**e-Tender Notice**
**WBPWD/EE-WKED/NIT-38/2026-27; Tender ID-2026_WBPWD_5016530_1 : Name of Work :** Necessary repairing and renovation of Go-down, Barrack, Canteen & toilet block at HRBC Bhawan to accommodate office of the Enquiry Commission at Munshi Prem Chand Sarani, Kolkata 700021 during the year 2026-2027-SITC of Air Conditioning Work. Bid Submission End Date : 27/07/2026 upto 1:00 p.m. Website:- **tenders.wb.gov.in** : Sd/- Executive Engineer-I, P.W. Dte., West Kolkata Electrical Division, 4th floor, C-Block, New Sectt. Bldg, 1, K.S. Roy Road, Kol-01.
ICA- T12097(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**e-Tender Notice**
**WBPWD/EE-WKED/NIT-35/2026-27; Tender ID-2026_WBPWD_5016512_1 : Name of Work :** Repair, renovation of Ground, First and Second floor of HRBC Bhawan for relocation of existing office setup i.c.w. setting up Enquiry Commissions in 3rd, 4th and 5th floor of HRBC Bhawan at Munshi Prem Chand Sarani, Kolkata 700021 during the year 2026-2027- Electrical Installation work. Bid Submission End Date : 27/07/2026 upto 1:00 p.m. Website:- **tenders.wb.gov.in** : Sd/- Executive Engineer-I, P.W.Dte., West Kolkata Electrical Division, 4th floor, C-Block, New Sectt. Bldg, 1, K.S. Roy Road, Kol-01.
ICA- T12094(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**TENDER NOTICE**
The Executive Engineer, BMS Division, invites on percentage rate basis on-line TENDER, vide WBUD&MA/BMS/NIT-03(e)/2026-27 of Executive Engineer/Bidhannagar Municipal Services Division. For the work: **Sl No: 1** "Annual Maintenance and repair to Sanitary and Plumbing work at inside & outside of different quarters, as and when required as per PWD schedule of rates at Sraboni Abasan under Salt Lake Drainage Sub-Division of B.M.S. Division, Salt Lake, Kolkata : 700091." Tender Id : 2026_UDD_1030676_1. Tender Amount: Rs. 11,57,595.00. Date of publication is on: 09/07/2026 at 11:00 AM. Bid submission end date is on 27/07/2026, upto 11:00 Hrs. **Sl No: 2** "Annual maintenance & repair to cement work, wood work including sanitary and plumbing works at Inspection Bunglow and Annex Building of Inspection Bunglow including residential quarters within Bunglow campus as and when required as per PWD schedule of rates under Salt Lake Roads Sub-Division of BMS Division, Salt Lake, Kolkata." Tender Id : 2026_UDD_1030676_2. Tender Amount: Rs. 7,21,039.00. Date of publication is on: 09/07/2026 at 11:00 AM. Bid submission end date is on 20/07/2026, upto 11:00 Hrs. All documents can be seen / obtained from the website https://wbtenders.gov.in Detailed information can also be seen in the website https://udma.wb.gov.in and office Notice Board of Bidhannagar Municipal services Division, Nirman Bhawan, Salt Lake, Kolkata-700091. Sd/- Executive Engineer, Bidhannagar Municipal Services Division
ICA- T12005(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**NOTICE INVITING TENDER**
The Executive Engineer Salt Lake Reclamation Division invites one no. online percentage rate basis e-tenders vide Tender ID No. 2026_UDD_1030958_1, BUD&MA/EE/SLRD/NIT-01(e)/2026-27of EE/SLRD (3rdcall) dated 03/07/2026. Value of work is Rs. 4,83,513.00. Start and Last date of submission of bid online are 10/07/2026 and 17/07/2026 upto 13-00 Hrs. respectively. All documents can be seen / obtained from the website https://wbtenders.gov.in Detailed information can also be seen in the website https://udma.wb.gov.in and office Notice Board. Sd/- Executive Engineer, Salt Lake Reclamation Division
ICA- T12007(3)/2026

WBPDCL Corp. Id. No. U40104WB1985SGC039154
**SERVICE CONTRACT FOR FABRICATION, SUPPLY AND INSTALLATION OF CONTROL PANEL FOR DM PLANT OPERATION**
**Notice Inviting E-Tender**
**Ref No. WBPDCL/Tend-Adv/26-27/BTPS/CC-5743, Dtd: 03/07/26**
**NIT No: WBPDCL/BTPS/NIT/E2855/26-27/1446822**
E-Tenders in prescribed format are invited at https://wbtenders.gov.in by the General Manager, BTPS, WBPDCL from eligible Agencies/Companies in 2 (two) Part bid system for **"Service Contract for Fabrication, Supply and Installation of Control Panel for DM Plant Operation." Tender Document Download Start Date:** 07.07.2026 at 03.00 PM. **Bid Submission End Date:** 01.08.2026 at 03.00 PM. **Contact Person:** Mr. Sujit Saha, DGM (Contracts). **Contact No.:** 033-2684-2342/2312. **E-mail:** contract.btps@wbpdcl.co.in. For details please visit: **https://wbtenders.gov.in**
ICA- T12049(3)/2026

WBPDCL Corp. Id. No. U40104WB1985SGC039154
**NIT FOR SIMULATOR MAIN PACKAGE FOR 660/800 MW AT NEWTOWN KOLKATA FOR WBPDCL**
**Notice Inviting E-Tender**
**Ref No. WBPDCL/Tend-Adv/26-27/CORP/CC-5742, Dtd: 02/07/26**
**NIT No: WBPDCL/CORP/NIT/26-27/E2256 Dtd: 01/07/2026**
E-Tenders in prescribed format are invited at https://wbtenders.gov.in by GENERAL MANAGER (M&C), Corporate Office, WBPDCL from eligible Agencies / Companies in 2 Part bid system for **"NIT for Simulator Main Package for 660/800 MW at Newtown Kolkata for WBPDCL". Tender Document Download Start Date:** 01-Jul-2026, 05:00 PM, **Bid Submission End Date:** 27-Jul-2026, 03:00 PM. **Contact Person:** Mr. Shiladitya Chakraborty, Sr. Manager (M&C). **Contact No.:** 9433430567. **E-mail:** schakraborty01@wbpdcl.co.in. For details please visit: **https://wbtenders.gov.in**
ICA- T12044(3)/2026

WBPDCL Corp. Id. No. U40104WB1985SGC039154
**ENGAGEMENT OF 05 Nos. NON-LISTED MOS COVERED WORKERS UNDER UNIT #5 BOILER NON-PRESSURE PARTS AMC**
**Notice Inviting E-Tender**
**Ref No. WBPDCL/Tend-Adv/26-27/BTPS/CC-5744, Dtd: 03/07/26**
**NIT No: WBPDCL/BTPS/NIT/E2862/26-27/E1436898**
E-Tenders in prescribed format are invited at https://wbtenders.gov.in by the General Manager, BTPS, WBPDCL from eligible Agencies/Companies in 2 (two) Part bid system for **"Engagement of 05 nos. non-listed MOS covered workers under Unit #5 Boiler non-pressure parts AMC." Tender Document Download Start Date:** 07.07.2026 at 03.00 PM. **Bid Submission End Date:** 18.07.2026 at 03.00 PM. **Contact Person:** Mr. Sujit Saha, DGM (Contracts). **Contact No.:** 033-2684-2342/2312. **E-mail:** contract.btps@wbpdcl.co.in. For details please visit: **https://wbtenders.gov.in**
ICA- T12043(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
Directorate of Agriculture, Govt. of West Bengal
Office of the Deputy Director of Agriculture (Admn), Hooghly.
**ABRIDGED TENDER NOTICE**
**NIET No – 02/2026-27**
An e-tender is invited by the undersigned from bonafide and experienced authorized agencies for supply of Micronutrients at different blocks of Hooghly District, under DDA (Admn) Hooghly under Aromatic Rice of **RKVY during 2026-27. Tender Reference No.: DDA(ADMN)/NIET 02/2026-27 Tender ID : 2026_DOA_1030630_1 (Total 1 no. of supply work.)** The last date of Bid submission for the above e-tender is 20.07.2026 at 11:00. The details may be obtained from **www.wbtenders.gov** For further details and any clarification, please contact to the office of the Deputy Director of Agriculture (Admn), Hooghly.
Sd/- M. Mardanya, DDA (Admn), Hooghly. ICA- T12023(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**3rd Corrigendum of e-Auction Notice**
3rd Corrigendum of e-Auction Notice Nos.- WBIW/CTU/RFP-116(e)/2026-27 & 2nd Corrigendum of e-Auction Notice No.- WBIW/CTU/RFP-118(e)/2026-27 & their Corresponding Auction IDs are : 2026_WB_5589 & 2026_WB_5626 respectively under Central Tender Unit, I&W Dte., GoWB. Last Date & Time for Online Submission of Technical Bid is extended up to 19.07.2026 at 16:00 hrs. All other terms and conditions will remain unchanged. Other details regarding schedule dates of e-Auction may be obtained from the Website **https://eauction.gov.in** from 10/07/2026 at 10.00 Hours. Sd/- Superintending Engineer, Central Tender Unit, I & W Dte.
ICA- T11996(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**e-Tender Notice**
The West Bengal State Seed Corporation Ltd. (A Govt. of West Bengal Company), 6, Ganesh Chandra Avenue, Kolkata-700013 invites e-Tender for selection of sole Producer/Authorized Distributers/ Authorized Suppliers for supply of different Hybrid Vegetable Seeds. Tender Ref. No. WBSSCL/MD/KOL/NIT-03/2026-27 dated 30.06.2026. Bid Submission Closing date 25/07/2026 upto 1:00 P.M. The details are available in website: **tenders.wb.gov.in** & **wbsscl.com** Tender related information including addendum/corrigendum, if any, shall also be available in said website and Notice Board of WBSSCL, Kolkata. Sd/- Managing Director, WBSSCL. ICA- T12024(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Basumati Corporation Limited**
**(Government of West Bengal Undertaking)**
**166, Bipin Behari Ganguly Street, Kolkata - 700 012**
**E-mail: basumati.corp@gmail.com**
**Memo No.:128/Store/BCL-56/2026 Date: 08/07/2026**
**Notice inviting e-tender for selection of agencies for supply of various types of binding materials for Basumati Corporation Limited (Government of West Bengal undertaking).**
On behalf of Basumati Corporation Ltd, Govt. of West Bengal undertaking, the undersigned invites e-tender from the reputed & bonafide Agency/Supplier having sufficient credential & experience in this field for supply and delivery of various types of Binding materials i.e. envelopes, file cover, other binding materials etc. required for various binding works executed by Basumati Corporation Limited as per list attached.
Interested agencies must submit the proposal through the e-tender portal at https://wbtenders.gov.in within or before 03.08.2026 at 3:00 p.m. It will be two bid system and agency will be selected on the basis of eligibility criteria, Technical Evaluation and Financial Evaluation. Pre Bid meeting will be held on 10.07.2026 at 01.00 p.m. at Basumati Corporation Limited, 166, Bipin Behari Ganguly Street, Kolkata-700012. The bids will be opened on 05.08.2026 at 3.00 p.m. at Basumati Corporation Limited, 166, Bipin Behari Ganguly Street, Kolkata-700 012. Sd/- Managing Director, Basumati Corporation Limited ICA- T12098(3)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**E-TENDER NOTICE**
MSVP, NRS MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL INVITES SEALED RE-E-TENDER NOTICE (2ND CALL) (NIT NO : 230/2026-2027) (TENDER ID : 2026_HFW_1031023_1) FOR THE PROCUREMENT OF DUAL CHAMBER TEMPORARY PACEMAKER FOR THE DEPT. OF CARDIOLOGY, RE-E-TENDER NOTICE (2ND CALL) (NIT NO : 231/2026-2027) (TENDER ID : 2026_HFW_1031026_1) FOR THE PROCUREMENT OF SINGLE CHAMBER TEMPORARY PACEMAKER FOR THE DEPT. OF CARDIOLOGY, RE-E-TENDER NOTICE (2ND CALL) (NIT NO : 233/2026-2027) (TENDER ID : 2026_HFW_1031102_1-2) FOR THE PROCUREMENT OF CODMAN PERFORATOR (11 MM) AND CODMAN PERFORATOR (14 MM) FOR THE DEPT. OF NEURO-SURGERY O.T, RE-E-TENDER NOTICE (2ND CALL) (NIT NO: 234/2026-2027) (TENDER ID: 2026_HFW_1031093_1) FOR THE PROCUREMENT OF SCRUBBER DRIER FOR THE DEPT. OF DR. B.C.ROY MEMORIAL BUILDING, RE-E-TENDER NOTICE (2ND CALL) (NIT NO : 236/2026-2027) (TENDER ID: 2026_HFW_1031007_1) FOR THE PROCUREMENT OF UBE ENDOSCOPE 30° - 175 MM LENGTH, 4 MM WC FOR THE DEPT. OF ORTHO O.T, RE-E-TENDER NOTICE (2ND CALL) (NIT NO : 237/2026-2027) (TENDER ID : 2026_HFW_1031012_1) FOR THE PROCUREMENT OF UBE ENDOSCOPE 0° - 175 MM LENGTH, 4 MM WC FOR THE DEPT. OF ORTHO O.T, RE-E-TENDER NOTICE (2ND CALL) (NIT NO : 238/2026-2027) (TENDER ID : 2026_HFW_1031096_1-8) FOR THE PROCUREMENT OF HARMONIC CONSUMABLES COMPATIBLE WITH THE EXISTING GEN 11 HARMONIC GENERATOR FOR THE DEPT. OF PAEDIATRIC SURGERY O.T, E-TENDER NOTICE (1ST CALL) (NIT NO: 239/2026-2027) (TENDER ID : 2026_HFW_1031031_1) FOR THE PROCUREMENT OF HAND LIGASURE FOR HYSTERECTOMY (NDUH) FOR THE DEPT. OF GYNAE O.T FOR NRSMC&H, KOLKATA FROM REPUTED FIRMS OF INDIA. BID SUBMISSION CLOSING DATE 30.07.2026 AT 10:00 A.M. DETAILS IN WEBSITES- wbhealth.gov.in
Sd/- MSVP, NRSMC&H.
ICA- T12009(3)/2026

दैनिक विश्वमित्र Advance
10 कोलकाता, शुक्रवार, 10 जुलाई 2026



● R.N.I. NO. 2508/57 ● Regd. No. KOL RMS/291/2019-2021

# आंध्रप्रदेश में कोरोना से मरीज की मौत

## 4 दिन इलाज के बाद दम तोड़ा, 2 जिलों में 5 एक्टिव केस मिले

**अमरावती, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा में बुधवार को 46 साल के व्यक्ति की कोविड-19 से मौत हो गई। उसे पिछले महीने वेल्लोर के सीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया था। 4 दिन इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि मरीज के फेफड़े खराब हो गए थे। मरीज को कंटेनमेंट जोन में रखा गया था। उसके संपर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग भी की जा रही है। इलाके में सैनिटाइजेशन भी शुरू कर दिया गया है। कोरोना से मौत की खबर के बाद कडप्पा और तिरुपति जिलों में 5 और पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर ने राज्य के सरकारी अस्पतालों से आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, दवाइयों, रैपिड टेस्ट किट, एंबुलेंस और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता का ब्यौरा मांगा है। भारत में कोविड से आधिकारिक तौर पर 2022 के अंत तक करीब 5.3 लाख मौतें दर्ज की गईं थीं। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अनुमान लगाया कि महामारी से भारत में लगभग 47 लाख मौतें हुईं। वहीं दुनियाभर में 2022 के अंत तक करीब 6667 लाख आधिकारिक मौतें दर्ज की गई थीं। अब तक कोरोना वायरस के हजारों वैरिएंट सामने आ चुके हैं। इनमें से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कुछ प्रमुख वैरिएंट को विशेष श्रेणी में रखा है, जिनमें अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा और ओमिक्रॉन शामिल हैं।




## यूट्यूबर मनीष कश्यप के खिलाफ एफआईआर

### गडकरी को घेरना पड़ा भारी

**नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बिहार के यूट्यूबर मनीष कश्यप पर तीखा पलटवार किया है। इस यूट्यूबर ने आरोप लगाया था कि 20 पेट्रोल (इथेनॉल मिश्रित ईंधन) के इस्तेमाल से उसकी टोयोटा गाड़ी खराब हो गई। गडकरी ने बताया कि कार निर्माता कंपनी द्वारा वाहन की जांच किए जाने के बाद ये दावे पूरी तरह से झूठे और बेबुनियाद पाए गए हैं। अब मनीष कश्यप के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हाल ही में मनीष कश्यप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में मनीष ने नितिन गडकरी पर इथेनॉल मिश्रित ईंधन को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि इसकी वजह से उसकी नई टोयोटा गाड़ी के इंजन में खराबी आ गई है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए नितिन गडकरी ने इस पर स्थिति साफ की। उन्होंने बताया कि यूट्यूबर ने सार्वजनिक रूप से उनकी आलोचना की थी और अपनी टोयोटा कार में आई मैकेनिकल खराबी के लिए इथेनॉल मिले पेट्रोल को जिम्मेदार ठहराया था।

### बंगाल में राजनीतिक माहौल बदलते ही

# काफी बढ़ा है निवेशकों का भरोसा

दैनिक विश्वमित्र **विशेष**

**कोलकाता, 9 जुलाई (नि.प्र.)।** बंगाल में हाल ही में बदले राजनीतिक माहौल के साथ, निवेशकों का भरोसा काफी बढ़ा है। मौजूदा इंडस्ट्रीज़ अपनी क्षमता बढ़ा रही हैं, और केंद्र सरकार द्वारा घोषित कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स से राज्य की ग्रोथ की संभावनाओं के और मजबूत होने की उम्मीद है। राज्य में नवगठित सरकार ने उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की इच्छा जताई है और हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया है उससे इस क्षेत्र से जुड़े लोगों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सत्ता बदलते ही लोगों में एक आम धारणा बन गई है कि अब यहां हर तरफ अच्छा ही अच्छा होते दिखने वाला है। इन सभी बातों को मिलाकर देखें तो कोलकाता में रेजिडेंशियल और ऑफिस रियल एस्टेट, दोनों ही सेक्टर के लिए निकट भविष्य की संभावनाएं बहुत अच्छी दिख रही हैं। क्रेडाई वेस्ट बंगाल के प्रेसिडेंट एवं मर्लिन ग्रुप के चेयरमैन सुशील मोहता ने कहा कि कोलकाता के रियल एस्टेट मार्केट ने 2026 की पहली छमाही (1) में मजबूती दिखाई है; नए प्रोजेक्ट्स के लॉन्च की रफ्तार धीमी होने के बावजूद घरों की मांग स्थिर बनी हुई है। कमर्शियल सेक्टर की बात करें तो, 2025 में ऑफिस लीज़िंग के ऊंचे स्तर के बाद इसमें थोड़ी कमी आई, लेकिन साल्ट लेक और राजारहाट में अच्छी मांग, बढ़ते किराए और फ्लेक्स व टेक्नोलॉजी कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी यह साबित करती है कि कोलकाता एक किफायती और विकसित होते रियल एस्टेट मार्केट के तौर पर लंबे समय तक मजबूत बना रहेगा। गौरतलब है कि कमर्शियल सेक्टर की बात करें तो, 2025 में शानदार परफॉर्मेंस के बाद ऑफिस लीज़िंग में थोड़ी कमी आई है, लेकिन मार्केट असल में मज़बूत बना हुआ है। इसका पता सॉल्ट लेक और राजारहाट जैसे अहम इलाकों में बढ़ते किराए, कम खाली जगह और किराएदारों की लगातार दिलचस्पी से चलता है। फ्लेक्स ऑपरेटर्स और टेक्नोलॉजी कंपनियों की बढ़ती हिस्सेदारी भी ऑफिस इकोसिस्टम में हो रहे बदलाव को दिखाती है। इससे कोलकाता एक कॉम्पिटिटिव और भविष्य के लिए तैयार बिज़नेस डेस्टिनेशन के तौर पर अपनी स्थिति लगातार मज़बूत कर रहा है।

> Kolkata's real estate market has shown resilience in H1 2026, with housing demand remaining steady despite a measured pace of launches. On the commercial side, while office leasing moderated after a high base in 2025, healthy demand across Salt Lake and Rajarhat, rising rentals, and strong traction from flex and technology occupiers reaffirm Kolkata's long-term strength as an affordable and evolving real estate market.

CREDAI WEST BENGAL



# ऐसे राक्षसों को मौत मिले : चोपड़ा

**मुंबई, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दरिंदगी और हैवानियत की घटना ने सबको झकझोर दिया है। सामूहिक दुष्कर्म के इस घिनौने अपराध मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़ित नाबालिग बच्ची के साथ होटल के कमरे के भीतर दरिंदगी की इस घटना ने सुनने वालों की रूह कंपा दी है। अब इस मामले के खिलाफ देश के तमाम हिस्सों के साथ-साथ बॉलीवुड वालों ने भी आवाज जोर से उठाई है। प्रियंका चोपड़ा की बहन मीरा चोपड़ा से लेकर सोनू सूद, संजय गुप्ता जैसी हस्तियों ने इस घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए आरोपियों के लिए मौत से भी बदतर सजा की मांग की गई है। इस घटना की जांच में पुलिस को पता लगा कि बच्ची को एक ई-रिक्शा चालक ने बहला-फुसलाकर होटल मालिकों को सौंप दिया था, जहां कई दरिंदों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में 18 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ इस मामले में जिन होटलों में यह अपराध हुआ, प्रशासन द्वारा उन पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया गया है।



## ओटीटी पर इस सप्ताह




इस सप्ताह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन का भरपूर तड़का लगने वाला है। परंब्रत चट्टोपाध्याय की छद्मवेशी रिलीज हो रही है। वहीं अभिषेक सरकार की चौधुरी बाड़िर रहस्य पर आधारित वेब सीरीज भी आ रही है। इसमें गौरव आदित्य मुख्य भूमिका में हैं। कलाकारों में ऋताभरी चक्रवर्ती, जून मालिया और पायल सरकार भी शामिल हैं। जी फाइव बांग्ला पर अंकुश और ऐंद्रिला की नारी चरित्र बेजाय जटिल रिलीज होगी। यह फिल्म मजेदार अंदाज में इस सवाल का जवाब तलाशती है कि क्या लड़कियों के मन को समझना वास्तव में इतना आसान है। वहीं फ्राइडे पर फुटानिगंजेर महेश भी आएगी। नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार को इक्का रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय खन्ना, तिलोत्तमा शोम और दिया मिर्जा भी हैं। सनी एक वकील की भूमिका में नजर आएंगे। इसी दिन आयुष्मान खुराना की पति पत्नी और और वो 2 भी रिलीज होगी। इस रोमांटिक कॉमेडी में सोहा अली खान, रकुल प्रीत सिंह भी हैं। आज से पेड्डी भी इस प्लेटफॉर्म पर देखी जा सकेगी। राम चरण और जाह्नवी कपूर की यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज के बाद काफी चर्चा में रही थी। जाह्नवी के किरदार को लेकर आपत्ति भी जताई गई थी। विश्व कप के माहौल में जियो हॉटस्टार पर डॉक्यूमेंट्री लैंड ऑफ फुटबॉल आएगी, जिसमें केरल के फुटबॉल प्रेमियों की कहानी दिखाई जाएगी। प्राइम वीडियो पर द वेस्टिज, हिंदी जी फाइव पर ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर परिमल एंड कंपनी, सोनी लिव पर स्पोर्ट्स ड्रामा बाल्टी और एप्पल टीवी प्लस पर कॉमेडी ड्रामा ट्राइंग का सीजन 5 स्ट्रीम होगा।

